फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 231 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

15 फरवरी 2025 शनिवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

11 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## वीक एंड के चलते चारों तरफ से उमड़ी भीड़, संगम पर वीआईपी का भी जमावड़ा

# इंतजामों पर भारी श्रद्धा : महाकुंभ के रास्तों पर फिर भीषण जाम के हालात

**प्रयागराज/रीवा, एजेंसी**

प्रयागराज में महाकुभं को अब दो सप्ताह से भी कम का समय बाकी लिहाजा श्रध्दालुओं का रैला उमड़ पड़ा है। मौनी अमावस्या के बाद भी यहां के हालात जस के तस हैं। प्रयागराज मेंआज भी भीषण जाम के हालात हैं। अरेल जाने वाला रास्ते पर वाहनों की लंबी कतार लगी हैं। श्रद्धालुओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। इधर मप्र की सीमाओं पर भी यात्रियों का दबाव है। प्रयागराज की सीमाओं पर भी वाहनों को नियंत्रित किये जाने की कोशिशें हैं। रेल्वे भी कई स्पेशल ट्रेन चलाकर हालात संभालने की कोशिश में है। मप्र के रास्ते से भी कई ट्रेनें गुजर रही हैं लेकिन भीड़ कम होने के नाम नहीं ले रही।

### जनसैलाव के चलते रेकार्ड बनाने की तैयारी स्थगित

भीड़ के चलते मेला प्रशासन की ओर से 15000 स्वच्छता कर्मियों के माध्यम से सफाई तथा 10 हजार लोगों के हैंड प्रिंट लिए जाने का विश्व रिकॉर्ड बनाने का निर्णय लिया गया था। इसके लिए तैयारी भी कर ली गई, लेकिन शुक्रवार को स्नानार्थियों को रेला उमड़ पड़ा। अब आज शनिवार एवं रविवार को और भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए दोनों विश्व रिकॉर्ड के कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। मेला प्रशासन की ओर से एक हजार ई-रिक्शा संचालन का भी रिकॉर्ड बनाया जाना है, लेकिन भीड़ को देखते हुए उसे पहले ही स्थगित किया जा चुका है। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद का का कहना है कि तीनों रिकॉर्ड की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी।



## महाकुंभ जाते समय भीषण सड़क दुर्घटना में 10 श्रद्धालुओं की मौत

### सभी मृतक छत्तीसगढ़ के, मप्र के 19 लोग घायल



बीती रात करीब तीन बजे एक बोलेरो जीप की बस से टक्कर होने से 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 19 लोग घायल हो गये। जान गंवाने वाले सभी लोग बोलेरो में सवार थे। यह सभी छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से महाकुंभ आ रहे थे। हादसा प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर मेजा इलाके में हुआ। घायल लोग बस में सवार थे, जो कि मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के बताये जा रहे हैं। वे संगम स्नान के बाद वाराणसी जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो बुरी तरह से डैमेज हो गई। श्रद्धालु छिटककर सड़क पर जा गिरे। किसी का हाथ टूटा तो किसी का सिर फट गया। कई लोग बोलेरो में ही फंस गए। शवों को बोलेरो से निकालने में ढाई घंटे का समय लगा। कटर से काटकर शव निकाले गये। पुलिस के मुताबिक बोलेरो में सभी पुरुष सवार थे। इसकी स्पीड बहुत ज्यादा थी। बस वाले ने ब्रेक लगाया, लेकिन सामने से आ रही बोलेरो बस में सामने से ही जा भिडी। इस मामले के बाद कमिश्नर रुण गाबा और डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ मौके पर पहुंच गए। **बता दें** महाकुंभ के 34वे दिन आज जमकर भीड है। इसके चलते पूरे शहर के रास्ते जाम हैं। दोपहर तक ही करीब सत्तर लाख लोगों ने स्नान किया है। आज वीक एंड के चलते भीड उमडी है। महाकुंभ के अभी 12 दिन और बचे हैं। आज महाकुंभ में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव सहित कई नेता मंत्रियों का जमावड़ा रहेगा। इधर आज करीब 15 हजार सफाई कर्मचारियों की ओर से एक साथ घाटों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। यह स्वच्छता वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनेगा।

## ग्लोबल समिट के लिए ब्रांडिंग का अंदाज भी बदल रही मप्र सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र की राजधानी में पहली बार हो रह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी में जुटी सरकार यहां आने वाले निवेशकों को मप्र की हर विशेषता का दीदार कराने की बेताबी में है। लिहाजा अब सरकार ने मप्र की ब्रांडिंग करने वाले 'लोगो' में भी बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। इससे पहले तक शिवराज सरकार की ब्रांडिंग टैगलाइन 'अवसरों की जमीन यानि लैंड ऑफ अपॉर्चुनिटी' थी। लेकिन इब इसे बदलकर 'अनंत संभावनाएं' यानि इनफिनिट पॉसिबिलिटी की जा रही है। बताया जाता है कि मप्र की पहचान बताने वाले प्रतीकों का नये लोगों में इस्तेमाल किया गया है। ऊपर की तरफ महाकाल और नीचे की ओर टाइगर दिखाया गया है साथ ही मेट्रो और सांची का सिंबल भी लोगो में है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुजरात वाइब्रेंट का लोगो डिजाइन करने वाली कंपनी ने ही मप्र के नए लोगो को भी रचा है। अब 22 को सीएम मोहन यादव ने इस लोगो का अनावरण करेंगे। दरअसल समिट की थीम को ही फोकस में रखते हुए इनफिनिटी यानी अनंत के चिह्न को बनाया है। इसका खयाल है कि यह मप्र के पहले अक्षर यानि एम की तरह नजर आए। अलग-अलग शहरों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को आर्योजन के दौरान ही नए लोगो का विचार आया था और इस पर काम शुरू हो गया था। बाद में मुख्यमंत्री ने कई कंपनियों से इन्वेस्टर्स समिट के लोगो की डिजाइन मंगवाई थी। आखिर में इनफिनिटी पर सहमति बनी। इसके अलावा सरकार ने एयरोप्लेन, ट्रेन व रोड कनेक्टिविटी के बीच इंडस्ट्री को भी उकेरने का निर्णय लिया।

**मेहमानों के दीदार के लिए एशियाटिक लायन का जोड़ा बाडे में छोड़ा:** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए देसी-विदेशी मेहमान भोपाल में एशियाटिक सिंह के दीदार भी कराए जायेंगे। 24-25 फरवरी को होने वाली जीआईएस के लिये सिंह जोड़े को आज शनिवार सुबह बाड़े में छोड़ दिया गया। हाउस से बाड़े में जाते ही सिंह का यह जोड़ा मस्ती में आ गया। दोनों को एक ही बाड़े में छोड़ा गया है। यह जोड़ा गुजरात के जूनागढ़ से दिसंबर में लाया गया था। नर सिंह का नाम 'जूना' और मादा सिंह का नाम 'गिरी' है। खास बात यह है कि यह समिट मानव संग्रहालय में हो रही है तथा वन विहार इससे सटा हुआ है। इसलिए मेहमानों को वन विहार में भी घुमाया जाएगा।

## सीवीसी ने केजरीवाल के शीशमहल की जांच के आदेश दिए

**बढ़ सकती है मुश्किलें**

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अब शिकंजा कसा जाने लगा है। उनके फ्लैगशिप रोड स्थित सीएम हाउस की जांच के लिए सेंट्रल विजिलेंस कमीशन यानि सीवीसी ने आदेश जारी कर दिया है। लोक निर्माण विभाग ने जांच की तैयारी शुरू कर दी है।



इसी विभाग की रिपोर्ट सामने आने के बाद यह जांच आदेश दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) में बनी भव्य हवेली के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा फ्लैग रोड पर बने सीएम हाउस को शीशमहल कहती है। यहां 2015 से 2024 तक दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल रहे। दरअसल भाजपा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि केजरीवाल का बंगला 4 सरकारी संपत्तियों को गलत तरीके से मिलाकर बनाया गया है। उन्होंने कहा था कि हम सरकार बना लेंगे तो हमारा नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री यहां नहीं रहेगा। गुप्ता ने 14 अक्टूबर 2024 को मुख्य सतर्कता आयोग से शिकायत में यह आरोप लगाया था कि राजपुर रोड पर प्लॉट नंबर 45 और 47 और दो बंगले (8-ए और 8-बी, फ्लैग स्टाफ रोड) सहित सरकारी संपत्तियों को ध्वस्त कर दिया गया और नए आवास में विलय कर दिया गया, जो ग्राउंड कवरेज और फ्लोर एरिया अनुपात (एफएआर) मानदंडों का उल्लंघन करता है।

## नए निर्वाचन आयुक्त के लिए बैठक 18 के पहले

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पीएम नरेंद्र मोदी की अगुवा?ई वाली चयन समिति अगले सप्ताह नए मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को अंतिम रूप देने के लिए बैठक करने वाली है। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल 18 फरवरी को पूरा हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक, समिति में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पीएम की ओर से नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। हालांकि राहुल इसमें शामिल होंगे या नहीं इस पर सस्पेंस है। सर्च कमिटी की ओर से शॉर्टलिस्ट नाम रखे जाएंगे। सिलेक्शन कमेटी एक नाम फाइनल करके उसकी सिफारिश करेगी। अभी राजीव कुमार के बाद सबसे सीनियर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं, जिनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक है।कानून के मुताबिक, आयुक्त भारत सरकार में सचिव-स्तर का अधिकारी होना चाहिए या रह चुका हो।

## फसल बीमा को लेकर कृषि मंत्री के किसानों पर तंज से बवाल

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के एक बयान ने बवाल मचा दिया है। अमरावती में एक बैठक के बाद उन्होंने एक रुपये वाली फसल बीमा योजना पर कहा कि भिखारी भी एक रुपया नहीं लेते, लेकिन सरकार इसी रकम का फसल बीमा दे रही है और इसका भी दुरुपयोग हो रहा है। कोकाटे के इस बयान पर किसान संगठनों और विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, मंत्री ने सफाई देते हुए कहा कि योजना बंद करने की कोई मंशा नहीं है। बस इसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे ताकि गलत तरीके से इसका फायदा उठाने वालों पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने कहा, सरकार ने 4 लाख बीमा दावों को खारिज कर दिया है। योजना फायदेमंद है, लेकिन कुछ लोगों ने इसे घोटाले में बदल दिया है।

## छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में भाजपा आगे निकली

**रायपुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त जीत नजर आ रही है। सुबह से जारी मतगणना के बाद प्रारंभिक रुझानों में 10 नगर निगम में महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशी आगे चल रहे हैं। वहीं 34 नगर पालिका में भाजपा और 8 पर कांग्रेस प्रत्याशी आगे हैं। 7 नगर निगम में निर्दलीय प्रत्याशी आगे हैं। विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के लिये यह नया झटका नजर आ रहा है।

## अमेरिका से अवैध प्रवासी भारतीयों की दो और खेप

**अमृतसर, एजेंसी**

अमृतसर में इसी हफ्ते अमेरिका से दो और जहाज भारतीयों को वापस लाएंगे। पहला जहाज आज आ सकता है। जिसमें 119 गैरकानूनी प्रवासी होंगे। दूसरा जहाज कब आएगा, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। दस दिन पहले ही एक अमेरिकी सैन्य विमान 104 लोगों को वापस लाया था। तब भारतीयों के हाथ में हथकडी व पैरों में बेड़ी थी। इसे लेकर सरकार की जमकर आलोचना हुई थी। अब यही देखा जा रहा है कि इस बार अमेरिका अवैध प्रवासी भारतीयों को कैसे भेजता है। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार जानबूझकर पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

**मेट्रो एंकर**

### दुर्गावती टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल बढ़ता रहा, गश्त के साधन कम होते रहे

# टाइगर्स पर नजर रखने हाथियों का टोटा

**तेंदूखेड़ा, विशाल रजक**

मप्र के सबसे बड़े वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में हाथियों की कमी के चलते गश्त और निगरानी में प्रबंधन को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां सिर्फ दो हाथी नील और नंदा की जोड़ी उपलब्ध है। लंबे समय से हाथियों की संख्या बढ़ाने की मांग की जा रही है। ताकि वन क्षेत्र में निगरानी और गश्त को मजबूती मिल सके। साल भर पहले ही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने वन विभाग को 10 हाथियों यानी 5 कैंप हाथी का प्रस्ताव भेजा था। जिसे मंजूरी नहीं मिली। कर्नाटक से दस हाथियों की खेप लाने का प्रस्ताव तैयार कर वन मुख्यालय को भेजा था। इसके अलावा कर्नाटक से हाथी लाने के प्रस्ताव भी अटका है। दरअसल, कर्नाटक में पहले से प्रशिक्षित कैंप हाथियों की संख्या अच्छी खासी संख्या में उपलब्ध हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि हाथियों की संख्या बढ़ने से गश्त की कार्यक्षमता बढ़ेगी और वन क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत होगी। वर्तमान में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का वन क्षेत्र काफी बड़ा है। मगर गश्त के लिए हाथियों की कमी से दिक्कतें हैं।

वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व बने करीब डेढ़ साल से ज्यादा समय हो गया इस दौरान बाघों की संख्या बढ़ी है अभी टाइगर रिजर्व में 20-25 बाघों और शावकों की संख्या की अनुमान है। अगर किसी रेंज में पेट्रोलिंग, निगरानी या रेस्क्यू के लिए तत्काल हाथी की जरूरत पड़ती है तो भी कैंप से आने में दो दिन लग जाते हैं। इससे हाथी थक जाते हैं और जल्दी बीमार हो जाते हैं। दूसरी तरफ पीसीसीएफ शुभरंजन सेन का कहना है कि नौरादेही टाइगर रिजर्व में हाथियों के लायक जंगल नहीं है। हाथियों को भी खाना चाहिए। रात में उन्हें छोड़ते हैं तो वे खुद खाना तलाशते हैं। जंगल भी वैसा होना चाहिए।



### हथनी नहीं बन सकती मां

टाइगर रिजर्व में मौजूद हथनी चंदा अब मां भी नहीं बन सकती। जब वह गर्भवती थी, तब उसका बच्चा पेट में ही मर गया था। तब डाक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी बच्चादानी निकाल दी थी। बांधवगढ़ से लाया गया नील नाम का हाथी अब चंदा का साथी है। नौरादेही के टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्रफल भी बढ़कर दोगुना हो गया। बताया जाता है कि टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर एए अंसारी ने नए हाथी कैंप्स बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा था तब वन मुख्यालय ने 4 नए कैंप के लिए 8 हाथी भेजने सहमति दी थी। ज्ञात हो कि हाथियों पर बैठकर टाइगर रिजर्व के कर्मचारी दूर दूर तक सुरक्षित रूप से नजर रख सकते हैं। हाथी जंगल के विषम इलाकों में भी पहुंच सकते हैं। विषम परिस्थितियों में जब किसी बाघ को ट्रैंकुलाइज किया जाता है, तब इसमें हाथी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# समिट के मेहमानों के लिए टेंट सिटी भी



**भोपाल।** इसी महीने की 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में देश-विदेश से करीब 20 हजार मेहमानों के आने के आसर हैं। इनमें देश-विदेश के बड़े उद्योगपति जैसे- अंबानी, अडाणी, टाटा, बिरला, महिंद्रा भी शामिल हैं। सभी के लिये खास इंतजाम किए जा रहे हैं। 2 से 5 स्टार रेटिंग वाले होटलों में रूम बुक हो चुके हैं, तो दो जगह पर करीब 100 टेंट की टेम्परेरी 'टेंट सिटी' बन रही हैं यह दोनों टेंट सिटी कलियासोत और केरवा डैम किनारे बनेगी। ताकि, मेहमान प्रकृति के नजारे भी देख सकें। खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के पास कलियासोत ग्राउंड और केरवा डैम के पिछले हिस्से में जगह तय हो चुकी है। अब प्रशासन की जरूरी मंजूरियां मिलते ही मप्र राज्य पर्यटन विकास ने तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अगले पांच से छह दिन में टेंट सिटी बना ली जाएगी। बताया जाता है कि इन दोनों जगह पर 50-50 टेंट की सिटी डेवलप की जा रही है। इनमें होटल जैसी लग्जरी सुविधाएं ही रहेंगी। अंदर डबल बेड, एयर कंडिशन रहेगा तो बाहर सिक्योरिटी के इंतजाम और डॉक्टरों की टीम 24 घंटे मौजूद रहेगी। यह सिर्फ तीन दिन के लिए बनेगी। इनमें विदेशी मेहमानों को रुकवाने की भी योजना है। ताकि, वे प्रकृति भरे माहौल में रहे। टेंट सिटी से समिट स्थल तक लाने ले जाने के लिए गाड़ियां मौजूद रहेंगी। जानकारी के मुताबिक, समिट के लिए अब तक करीब 17 हजार उद्योगपति अपने रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। इनमें प्रदेश, देश और विदेश के उद्योगपति भी शामिल हैं। 12 फरवरी तक ये रजिस्ट्रेशन होंगे। ऐसे में 3 से 5 हजार रजिस्ट्रेशन होने का अनुमान और है। 24 फरवरी को उद्घाटन सत्र के दिन भी ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन होंगे। इसके लिए स्मार्ट सिटी पार्क में काउंटर बनेंगे। यही से ऐसे मेहमानों के दूसरे कार्ड भी जाएंगे, जो लाना भूल गए हों।

### राजधानी के प्राकृतिक सौंदर्य की ब्रांडिंग के प्रयास

**मेहमानों का मैन्यू :** जानकारी के मुताबिक, समिट में भोजन के मैन्यू को अंतिम रूप दे दिया गया है। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम दो दिन में 20 हजार लोगों के भोजन की व्यवस्था करेंगा। फूड पैकेट की भी व्यवस्था की गई है। असल में सरकार ने पर्यटन निगम के अलावा ताज फ्रंट और मेरियट आफ कोर्टयार्ड से मैन्यू मांगा गया था। इनमें पर्यटन निगम के मैन्यू को फाइनल किया गया है।





भोपाल। राजधानी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए शहर सुंदर पेंटिंग से सजाया जा रहा है।

### एक तरफ पूरा शहर जगमग, दूसरी ओर कोलार रोड पर छाया अंधेरा

# 300 करोड़ रु.से बनी सिक्सलेन सड़क की अधिकांश लाइट्स बंद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोलार क्षेत्र में करीब सवा दो साल से सिक्सलेन सड़क निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। यहां पर तीन चरणों में काम करके अलग-अलग स्थानों पर स्ट्रीट लाइटों और सीसी रोड बनाने का काम किया गया, लेकिन अब सड़क का काम लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके बाद भी कोलार रोड पर अधिकांश स्थानों पर अंधेरा छाया हुआ है। एक-दो जगह को छोड़कर कहीं पर भी अब तक स्ट्रीट लाइटों के कनेक्शन नहीं हुए हैं। इसके कारण पूरी रोड पर अभी अंधेरा छाया हुआ है। वहीं, दूसरी तरफ ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) के दौरान शहर के हर रास्ते पर स्ट्रीट लाइटों को व्यवस्थित करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कोलार में इस मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**पोल तो लगा दिए, लेकिन कनेक्शन नहीं दिए:** कोलार सिक्सलेन सड़क पर अंधेरा होने से वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां से रोजाना एक लाख से अधिक वाहन आवाजाही करते हैं। रोजाना शाम को कोलार मेन रोड पर अंधेरा छाया रहता है। इससे लगातार परेशानियां बढ़ रही हैं। यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों का कहना है कि कोलार सिक्सलेन सड़क का निर्माण कार्य पूरा



हो चुका है। ऐसे में अंधेरा होने के कारण सड़क पर आवाजाही से जाम के हालात बन रहे हैं। अंधेरे के कारण वाहन चालकों को एक्सीडेंट का खतरा हमेशा सताता रहता है। ऐसे में निर्माण एजेंसी को यहां पर उजाले की व्यवस्था करना चाहिए। वहीं पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि कोलार सिक्सलेन सड़क में नई स्ट्रीट लाइटों की केबिल डाल दी गई है। लेकिन काम अलग-अलग पार्ट में होने के कारण इनके कनेक्शन होना बाकी है। कुछ जगह कनेक्शन हो गए हैं, कुछ जगह कराए जा रहे हैं। मीटर कनेक्शनलेकर तुरंत इन लाइटों को शुरू कराया जाएगा।

### तो रात में वापस आने पर होगी फजीहत

बताया जा रहा है कि राजधानी से कोलार रोड पर रातापानी टाइगर रिजर्व का झिरी गेट सबसे पास में है। ऐसे में कोलार सिक्सलेन सड़क से जीआईएस में आने वाले मेहमानों और पर्यटकों को टाइगर रिजर्व में घूमने ले जाया जाएगा। यदि ये लाइटें बंद रही और यहां से मेहमान शाम के बाद वापस लौटे, तो अंधेरे में शासन-प्रशासन सहित अन्य जिमेदारों की बहुत ही फजीहत होगी। कोलार के व्यापारियों का कहना है कि करीब एक साल से यहां पर स्ट्रीट लाइटों के भारी भरकम पोल और एलईडी लाइट लगा दी गई थी, जो आज भी बंद पड़ी है। यहां पर एलईडी लाइट लगाकर वायरिंग का काम पूरा हो चुका है। इसकी टेस्टिंग भी हो चुकी है, फिर भी ये बंद हैं।

# पॉवर सेक्टर की सांस्कृतिक स्पर्धा के विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद एम.पी. पॉवर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर के तत्वावधान में मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल द्वारा दो दिवसीय 46वीं अंतरक्षेत्रीय सांस्कृतिक स्पर्धा का समापन पुरस्कार वितरण के साथ मानस भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि अभिरूचियों को मंच मिलने से प्रतिभाओं को पहचान मिलती है। इन सांस्कृतिक प्रतियोगितओं से कला को निखारा जा सकता है और कलाकार को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए अपनी कला को आगे भी बरकरार रखने की बात कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक शहर बीबीएस. परिहार सहित अन्य



अधिकारी एवं प्रतिभागी उपस्थित थे। दोनों ही दिन की प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका केन्द्रीय क्रीड़ा परिषद जबलपुर के पर्यवेक्षक निरंजन पुरी गोस्वामी, निर्मला उपाध्याय भोपाल तथा वरिष्ठ कवि राजेन्द्र गट्टानी भोपाल ने निभाई।

# दो महाकुंभ स्पेशल ट्रेन मप्र के कई शहरों से गुजरेगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यात्रियों की सुविधा हेतु प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ के अवसर पर अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा कुम्भ मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन के तहत पश्चिम मध्य रेल के स्टेशनों से भी यह गाड़ियां गुजर रही है। रेलवे के मुताबिक चर्लपल्ली-दानापुर-चर्लपल्ली कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन, सोमवार 17 फरवरी को प्रस्थान कर, अगले दिन रास्ते में इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए एवं सायं 17.45 बजे प्रयागराज छिवकी और और फिर रात करीब बारह बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी तरह यह ट्रेन वापसी में 19 फरवरी को दानापुर चलकर उसी रात साढे आठ बजे प्रयागराज छिवकी और अगले दिन रात्रि 23.45 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। इसी तरह उडुपि-टुंडला-उडुपि कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन 17 फरवरी को रवाना होकर अगले दिन रास्ते में इटारसी, पिपरिया, मदन महल, कटनी, सतना होते हुए एवं तीसरे दिन सुबह 06.25 बजे



प्रयागराज छिवकी और दोपहर 13.10 बजे टुंडला पहुंचेगी। वापसी में यह टुंडला से सुबह 9.30 बजे प्रस्थान कर, उसी दिन सायं 18.25 बजे प्रयागराज छिवकी और तीसरे दिन सायं 18.10 बजे उडुपि पहुंचेगी। रास्ता में यह भुसावल, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, मदन महल (जबलपुर), कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, फतेहपुर, गोविंदपुरी और इटावा रुकेगी।

## अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच का समारोह 16 फरवरी को भोपाल में

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच द्वारा 16 फरवरी को एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एवं हेमंत स्मृति कविता सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था द्वारा हेमंत स्मृति कविता सम्मान सहित 14 साहित्यकारों को अलंकरण सत्र में विधा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि होटल पलाश रेजिडेंसी में सुबह 11.30 बजे से आयोजित कार्यक्रम के दो अन्य सत्र कहानी और लघु कथा पाठ भी होंगे । इस मौके पर कैलाश चंद्र पंत भी उपस्थित रहेंगे।

## आईएसबीटी समेत अन्य निर्माणों में बन रहे मकान-दुकान कलेक्टर गाइडलाइन से महंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भोपाल विकास प्राधिकरण इन दिनों अपने नए विद्यानगर फेस दो प्रोजेक्ट में आइएसबीटी समेत अन्य निर्माणों में बन रहे मकान-दुकान को लेकर चिंतित है। दरअसल यहां अभी कलेक्टर गाइडलाइन प्रति वर्गमीटर 42 हजार रुपए है। इसे 45 हजार रुपए करना प्रस्तावित है। इससे यदि 50 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाली दुकान भी विक्रय होती है तो उसकी कीमती 21 लाख रुपए होगी। यहां हाल में सवा करोड़ रुपए से डेढ़ करोड़ रुपए तक की दर तय की जा रही है। बीडीए अपने प्रोजेक्ट को पूरा करने इस साल 100 करोड़ रुपए का लोन ले चुका है।

**मेट्रो एंकर**

### संत रविदासजी की जयंती पर महाआरती

# 493 परीक्षा केंद्रों पर आज से शुरू हुई सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं

### प्रदेशभर में 10वीं के 1.17 लाख और 12वीं के करीब 78 हजार विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई है। प्रदेशभर में 10वीं के 1.17 लाख और 12वीं के करीब 78 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं । इनके लिए परीक्षा 493 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी भोपाल की बात करें तो यहां लगभग 40 केन्द्रों पर करीब 12 हजार स्टूडेंट परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें भोपाल के 105 स्कूलों के 10वीं के 11,247 और 12वीं के 9463 विद्यार्थी हैं। इनमें केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय से लेकर प्राइवेट स्कूल तक शामिल हैं। परीक्षा का समय सुबह 10ः30 से दोपहर 1ः30 बजे तक निर्धारित किया गया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा का पहला पेपर इंग्लिश का है, वही बारहवीं के लिए उद्यमिता यानी एंटरप्रेन्योरशिप पेपर होगा। विद्यार्थियों का परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर सुबह 10 बजे से पहले रिपोर्ट करना अनिवार्य है। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे में शनिवार को पहले दिन केद्रों पर एक घंटे पहले ही विद्यार्थी पहुँच गए थे। जिसके बाद कड़ी जांच के बाद प्रवेश दिया गया।

### मप्र में परीक्षा 493 परीक्षा केंद्र

मध्यप्रदेश में यह परीक्षा 493 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जबकि राजधानी भोपाल में 36 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें भोपाल के 105 स्कूलों के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

### सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे

सख्त नियमों के साथ होगी परीक्षा सीबीएसई ने नकल व अन्य अनुचित साधनों पर रोक लगाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सख्त प्रबंध किए हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और उड़नदस्ते की टीम लगातार निरीक्षण करेगी। विद्यार्थियों और अभिभावकों को परीक्षा के नियमों का पालन करने की सलाह दी गई है ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।



## कर्मचारियों की मांगों को लेकर प्रांतव्यापी धरना 16 फरवरी को

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अपनी 51 सूत्रीय मांगों को लेकर मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा आंबेडकर जयंती मैदान में धरना दिया जाएगा। इस धरने में पूरे प्रदेश से बड़ी संया में कर्मचारी जुटेंगे। इसमें अनेक संगठनों के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल रहेंगे। विभिन्न कर्मचारी संगठनों द्वारा इसे लेकर गेट मीटिंग की जा रही है। इस धरने में निगम मंडल अधिकारी कर्मचारी समन्वय महासंघ के पदाधिकारी और निगम मंडल के अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल होंगे। महासंघ के अजय श्रीवास्तव नीले और संयोजक अनिल वाजपेयी ने बताया कि धरने में शामिल होने के लिए लगातार कार्यालयों में गेट मीटिंग की जा रही है। इस धरने में निगम मंडल के सभी कर्मचारी शामिल रहेंगे।

**नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में मीटिंग :** मप्र कर्मचारी संयुक्त मोर्च के आव्हान पर हो रहे इस धरने की तैयारी को लेकर कर्मचारी नेताओं द्वारा कार्यालयों में गेट मीटिंग का सिलसिला जारी है। मप्र लघुवेतन कर्मचारी संघ के महेंद्र शर्मा ने बताया कि इसे लेकर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में गेट मीटिंग की।

# चेहरा दिखाने को तैयार नहीं अफसर !

## मंत्रालय में फेस अटेंडेंस सिस्टम का प्रभावी क्रियान्वयन नहीं

**प्रशासनिक मुख्यालय यानि मंत्रालय में एप से अटेंडेंस का प्रयोग अटकने लगा है। इस फेस अटेंडेंस सिस्टम को 1 जनवरी से लागू किया जाना था लेकिन ये 1 फरवरी बीतने के बाद भी लागू नहीं हो पाया है। वजह यह है कि इसके लिये अधिकारियों के रजिस्ट्रेशन नहीं हो सके हैं। आलम यह है कि जिन प्रशासनिक अधिकारियों पर व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है, वह ही नई व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। मंत्रालय में पदस्थ 50 से ज्यादा आईएएस में से सिर्फ 6 ही आधार बेस्ड फेस अटेंडेंस एप से हाजिरी लगा रहे हैं। दरअसल इस प्रयोग के पीछे मंशा यह है कि आईएएस अधिकारियों के काम पर आने-जाने का हिसाब सरकार के पास हो।**



अधिकारियों को कर्मचारियों की तरह आठ घंटे की ड्यूटी पूरी करनी होगी और इसके लिए जियो टैगिंग बेस्ड एप पर हाजिरी लगानी होगी। फेस अटेंडेंस एप के माध्यम से हाजिरी लगाने की प्रक्रिया में कर्मचारियों के साथ सभी अधिकारियों को भी इसीलिये शामिल किया गया है। इसे सामान्य प्रशासन विभाग ने अमल में लाने की कवायद की है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इस तरह की अटेंडेंस प्रक्रिया देश का अपनी तरह का सबसे बड़ा प्रयोग है। अभी तक किसी राज्य ने आधार बेस्ड फेस रिकॉग्नाइजेशन से अटेंडेंस लगानी शुरू नहीं की है। यह बहुत सरल एप है, जो आधार से जुड़ा है।

### प्रदेश भर में लागू होगा यह सिस्टम

बताया जाता है कि मंत्रालय में इस तरह एप से अटेंडेंस लगाने का प्रयोग नए मुख्य सचिव अनुराग जैन के आने के बाद शुरू हुआ है। यह कहा जाता है कि यह प्रयोग उन्ही का विचार है कि सबसे पहले मंत्रालय में सभी अधिकारी-कर्मचारी एक व्यवस्था के तहत नियम से अपने ड्यूटी आवर्स पूरे करें, इसके बाद इस प्रयोग को पूरे प्रदेश में लागू किए जाने की योजना है। साप्रवि अधिकारी कहते हैं कि जब मंत्रालय में एप से अटेंडेंस हो सकती है तो बाकी कार्यालयों में क्यों नहीं? लिहाजा मंत्रालय के बाद जिलों के कलेक्टर कार्यालयों में और प्रदेश के अन्य कार्यालयों तक इस सिस्टम को ले जाया जाएगा। सरकार का अनुमान है कि इससे सरकारी कर्मचारियों की यह छवि सुधरेगी कि वे देर से दफ्तर आते हैं और जल्दी चले जाते हैं। कर्मचारियों की उत्पादकता बढ़ेगी और प्रशासनिक कार्य भी जल्द होंगे।

# ऊर्जा संरक्षण पर ही देश का विकास संभव

### एनआईटीटीटीआर में ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री गौर ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऊर्जा के सही इस्तेमाल और संरक्षण पर ही दुनिया का विकास टिका हुआ है। इसलिए हम सब का परम कर्तव्य है कि ऊर्जा के विभिन्न विकल्पों का सही प्रयोग करें और इसके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने यह बात एन. आई. टी.टी.टी. आर के सभागार में आयोजित ऊर्जा संरक्षण क्षमता महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कहीं।

उन्होंने कहा इस तरह का ऊर्जा पर्यावरण जागरूकता अभियान अन्य स्कूल एवं कॉलेजों में भी आयोजित किए जाए। हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की सहायता से पर्यावरण को स्थाई बनाया जा सकता है। इंडियन ऑयल और अन्य तेल कंपिनयों ने हरित और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में काफी पहल की है। जैसे कि बीएस से बीएस ईंधन में स्थानांतरण पेट्रोल पम्पो में ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना, एक्स्ट्रा ग्रीन डीजल, ग्रीन कॉम्बो लुविकेंटस, कंप्रेस बायोगैस, नूतन सोलर स्टोव आदि। यहां तक वक भू-राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए, कच्चे तेल पर हमारी निर्भरता को कम करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। इस दौरान श्टी एन सुंदर राजन मुख्य महाप्रबंधक इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, बीपी मोहंती, एएस रेड्डी, चिनमय मंडल, दीपक त्रिवेदी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा - अब नियमों को बदलने का वक्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सीबीआई डायरेक्टर या अन्य बड़े अधिकारियों के सिलेक्शन पैनल में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया कैसे हिस्सा ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता और अतिक्रमण के बीच की रेखा बहुत पतली है, लेकिन लोकतंत्र पर इसका प्रभाव मोटा है।उपराष्टपति ने भोपाल में नेशनल ज्यूडिशल एकेडमी में एक सभा को संबोधित करते हुए आगे कहा- यह बात हैरान करती है कि हमारे जैसे देश या किसी भी लोकतंत्र में, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई डायरेक्टर के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं। क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? उन्होंने कहा कि जब यह नियम बना था तब सिस्टम ने घुटने टेके थे अब इसे बदलने का वक्त है। धनखड कल भोपाल में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे।



दरअसल,सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति दिल्ली स्पेशल पुलिस एस्टेब्लिशमेंट एक्ट, के तहत की जाती है। डायरेक्टर का सलेक्शन तीन सदस्यीय कमेटी करती है। इसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल होने का प्रावधान था। मुख्य चुनाव आयुक्त के चयन के लिए भी प्रधानमंत्री, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की तीन सदस्यीय कमेटी करती थी, लेकिन सरकार ने नया कानून लाकर इसमें बदलाव किया। फिलहाल चीफ इलेक्शन कमिश्नर के सलेक्शन का प्रोसेस विवादों में है।

# बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मकता परीक्षा में, 17 लाख नवसाक्षर होंगे शामिल

### उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन पूरे प्रदेश में 16 फरवरी 2025 को किया जा रहा है। परीक्षा में लगभग 17 लाख से अधिक नवसाक्षर अपनी योग्यता को साबित करेंगे।

दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुसार प्रदेश में साक्षरता दर बढ़ाने के लिये 15 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे असाक्षर को साक्षर करने के लिये उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत साक्षरता परीक्षा गॉव, कस्बों और नगरों में असाक्षरों के घरों के नजदीकी स्कूलों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिये राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारियाँ की गई हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से तीन घंटे की होगी। परीक्षार्थियों के स्पॉट मूल्यांकन के बाद रिजल्ट तथा अन्य विवरणों की ऑनलाइन एंट्री भी मोबाइल एप तथा पोर्टल पर दर्ज की जायेगी। इस कार्यक्रम में अभी तक 4 मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में शामिल स्वयं-सेवकों को अक्षर साथी का नाम दिया गया है।

**ये होंगे परीक्षा में शामिल:** परीक्षा में सम्मिलित होने वाले नवसाक्षर वह शिक्षार्थी होते हैं, जिन्हें सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित किया गया हो और उन्होंने राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा आईपीसीएल पद्धति से तैयार की गई उल्लास-अक्षर पोथी प्रवेशिका÷ से अध्ययन कार्य किया हो। इसके साथ ही पूर्व के वे नवसाक्षर भी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं, जिन्होंने साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित कक्षाओं में प्रवेशिका पूर्ण कर अंतरिम मूल्यांकन में सफलता अर्जित की हो किंतु उन्हें प्रमाण-पत्र प्राप्त हो। ऐसे व्यक्ति जो पूर्व से शिक्षित है किंतु उनके पास किसी प्रकार का शैक्षणिक प्रमाण-पत्र न हो भी प्रमाणीकरण के लिये मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हो सकते है।

**डिजिटल तकनीक का उपयोग :** उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।प्रदेश में गठित राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा मोबाइल एप और पोर्टल भी विकसित किया गया है। डोर-टू-डोर सर्वे एवं साक्षरता कक्षाओं की मॉनिटरिंग जियो टैग से की जा रही है। साक्षरता कार्यक्रम में स्वयंसेवी संगठनों, युवाओं, एनसीसी और स्काउट-गाइड के केडिट्स की मदद ली जा रही है। असाक्षर व्यक्ति को उल्लास अक्षर पोथी से पढ़ाई कराई जा रही है।

### जन विकास परिषद के उपाध्यक्ष नागर को राज्यमंत्री को दर्जा

भोपाल। मप्र जन विकास परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर को सरकार ने राज्य मंत्री का दर्जा दे दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसके आदेश जारी किए हैं। बताया जाता है कि नागर संघ पृष्ठ भूमि से आते हैं, वह लंबे समय से भारत भारती संस्था से जुड़े हैं।

------------

# कांग्रेस को भंवर से निकालने अब हरीश को बनाया नया चौधरी

### दो साल में चार प्रभारी बदले

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस आलाकमान ने मध्यप्रदेश में फिर नये प्रयोग के तौर पर हरीश चौधरी को भेजा है। वे अब मप्र कांग्रेस के प्रभारी बनाए गए हैं। वे राजस्थान सरकार में मंत्री रह चुके हैं और अभी विधायक हैं। इस बदलाव के साथ ही मप्र के प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह की 13 महीने ही मप्र के प्रभार से छुट्टी हो गई है।

हालांकि वे असम के प्रभारी रहेंगे। सिंह को मप्र विधानसभा चुनाव में हार के बाद रणदीप सिंह सुरजेवाला के स्थान पर मप्र का प्रभारी बनाया गया था। उधर सुरजेवाला से पहले जेपी अग्रवाल प्रभारी थे लेकिन ऐन विस चुनाव के वक्त सुरजेवाला को भेजा गया था। इस तरह कांग्रेस मप्र में दो साल में चार प्रदेश प्रभारी बदल चुकी है। भंवर जितेंद्र विधानसभा चुनाव में स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भी रहे हैं। जितेन्द्र सिंह के प्रभारी रहने के दौरान प्रदेश कांग्रेस का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

इससे पहले 29 में से एक सीट कांग्रेस के पास थी। गुटबाजी, नेताओं की नाराजगी के चलते हाईकमान ने सिंह से मप्र की जिम्मेदारी वापस ले ली। बताया जा रहा है कि नये प्रभारी चौधरी अगले सप्ताह भोपाल आ सकते हैं। बताया जाता है कि मप्र में कांग्रेस जिलों में इकाई के गठन पर काम कर रही है।मौजूदा अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी नियुक्ति के करीब सवा साल में जिलों का ढांचा नहीं बना सके हैं। करीब एक साल में उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया है। हालांकि वे खुद लगातार मैदानी दौरे कर रहे हैं।

# स्कूली विद्यार्थियों ने किया केंद्रीय बजट का विश्लेषण



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय बजट को लेकर विशेषज्ञों और अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण तो सामने आ ही रहे हैं, लेकिन अब ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, ओबेदुल्लागंज के कक्षा 11 के छात्रों अनंता बरैया, उदय पचौरी, शिव कुमार, रमनप्रीत कौर और अनन्या तिवारी ने भी इसे प्रिंसिपल ललिता, व शिक्षक वैभव, कृष्णा के मार्गदर्शन में अध्ययन कर अपनी दृष्टि से प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। छात्रों ने बजट को खासतौर पर शिक्षा, रोजगार, डिजिटल इंडिया, स्वास्थ्य और कृषि के नजरिए से देखा और बताया कि यह आने वाले वर्षों में उनके करियर और जीवन को कैसे प्रभावित करेगा। छात्रों ने बजट में मेडिकल और इंजीनियरिंग की 82,000 नई सीटों की घोषणा को सकारात्मक बताया तथा माना कि ब्याज-मुक्त शिक्षा ऋष्ण और तकनीकी एवं अनुसंधान क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्तियाँ युवाओं के लिए उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ बनाएंगी। छात्रों ने डिजिटल लर्निंग संसाधनों के विस्तार का स्वागत किया लेकिन यह भी सुझाव दिया कि देश के हर गाँव और छोटे शहर में इंटरनेट की सुगमता और डिजिटल डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए।




## संपादकीय

# बजट के बाद बिल, नए बदलावों का दौर

हाल में बजट पेश होने के साथ ही नये आयकर बिल को लेकर नौकरीपेशा व कारोबारी जगत में काफी उत्सुकता का माहौल रहा है। इसलिए जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नया इनकम टैक्स बिल लोकसभा में पेश किया तो इसकी व्याख्या शुरू हो गई। उन्होंने ही पिछले दिनों बजट पेश करते हुए भी उन्होंने इसका जिक्र किया था। तभी से निगाहें इस बात पर टिकी थीं कि प्रस्तावित बिल के जरिए सरकार आखिर किस तरह के बदलाव लाना चाहती है। इस लिहाज से यह राहत की बात कही जा सकती है कि यह बिल इनकम टैक्स प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा शायद तत्काल तो नहीं लेकिन आने वाले वर्षों में दिख सकता है। असल में 1961 में जब यह कानून लाया गया था, तब से अब तक यानि करीब पैंसठ वर्ष में न केवल हमारी इकॉनमी बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। नौकरी से लेकर कारोबार तक की तस्वीर व इससे जुड़ी जरूरतें बदल चुकी हैं। लिहाजा बदलती जरूरत के मुताबिक इस कानून में नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को अक्सर उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या की गुंजाइश भी बनाए रखती थी। परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ़ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 फीसद हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। इस रकम की विशालता का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि ताजा बजट में मध्यमवर्ग को मिली आयकर छूट भी 1 लाख करोड़ रुपये ही बैठती है। मगर दिलचस्प यह है कि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता क्योंकि इनमें जीत का उसका रेकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। जबकि अन्य देशों का औसत इस मामले में करीब 65 फीसद है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत कर सकता है। इसलिए सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह सही अर्थों में टैक्स को लेकर परेशान वर्ग को इस बिल के जरिए वास्तविक राहत देने की कोशिश करे, इससे हाल में बजट में कर ढांचे में बदलाव भी सार्थक होगा।

प्राणी के जीवन में सन्तोष दरिद्रता का दूसरा नाम है।
- प्रेमचन्द

## आज का इतिहास

- 1564 - महान खगोलशास्त्री गैलीलियो का जन्म।
- 1677 - इंग्लैंड नरेश चार्ल्स द्वितीय ने फ्रांस के खिलाफ डचों से गठबंधन किया।
- 1763- प्रसिया व आस्ट्रेलिया के बीच शांति संधि हुई।
- 1764 - अमेरिका में सेंट लुईस शहर की स्थापना हुई।
- 1798 - फ्रांस ने रोम पर कब्ज़ा कर उसे गणराज्य घोषित किया।
- 1806 - फ्रैंको, प्रसियन संधि के बाद प्रसिया ने ब्रिटिश जहाज़ों के लिए अपने बंदरगाह बंद किये।
- 1890 - अमेरिकी युद्धपोत मेने हवाना बंदरगाह पर विस्फोट से उड़ा दिया गया।
- 1906 - ब्रिटेन की लेबर पार्टी का गठन।
- 1909 - एकापुल्को मैक्सिको में फ़्लोरेंस सिनेमागृह में आग से 250 लोगों की मृत्यु।
- 1926 - अमेरिका में अनुबंध एयर मेल सेवा की शुरूआत।
- 1942 - द्वितीय विश्व युद्ध में सिंगापुर का पतन हुआ व जापानी बलों द्वारा एक हमले के बाद, ब्रिटिश जनरल आर्थर पेरसिवल ने समर्पण कर दिया। लगभग 80,000 भारतीय, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलियाई सैनिक युद्ध-बंदी हो गये।
- 1944 - ब्रिटेन के सैकड़ों विमानों ने बर्लिन पर बमबारी की।
- 1961 - बेल्जियम में बोइंग 707 विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 73 लोगों की मौत।
- 1962 - अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- 1965 - मैपल (एक प्रकार का छायादार वृक्ष) के पत्ते को कनाडा के आधिकारिक ध्वज में स्थान मिला।
- 1967 - भारत में चौथी लोकसभा के लिए चुनाव हुए।
- 1976 - मध्य प्रदेश के भोपाल में केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गई।
- 1970 - इजरायली पाइप लाइन का उद्घाटन हुआ।

## निशाना

### गर्म है बाजार !



-कृष्णेन्द्र राय

लेकर ताजपोशी को ।  
चर रही तैयारी ।।  
लग चुकी है मुहर ।  
बढ़ी बेकरारी ।।  
चला खूब मंथन ।  
हैं सब बेकरार ।।  
करना ऐसे पेश ।  
ना हो कुछ तकरार ।।  
हुई पूरी बैठकें ।  
कर देंगे अब पेश ।।  
जानेंगे सब जल्द ।  
कौन है विशेष ।।  
अटकलों का लेकिन ।  
गर्म है बाजार ।।  
ऐन वक्त पर देखते ।  
कौन पहनता हार ।।

# इलाहबादिया व समय रैना का समय: ये कहानी बाजार, ब्रांडिंग व नैतिकता के चौराहे से शुरू हुई

■ कुमार रहमान

इस बदलती हुई दुनिया का खुदा कोई नहीं।सस्ते दामों में यहां हर रोज खुदा बिकते हैं.. ! एक हैं रणवीर अलाहबादिया। पॉडकास्टर हैं। एक शो में उन्होंने एक ऐसा प्रश्न पूछा, जिस पर गंभीर विवाद छिड़ गया है। इस सवाल पर बवाल मचा हुआ है और बवाल मचने पर भी कई सवाल हैं! विवाद बढ़ने पर उन्होंने माफी मांग ली है, लेकिन कई सवाल हैं जिन पर चर्चा जरूरी है। आखिर ऐसा सवाल किया क्यों गया? और अगर ऐसा सवाल पूछा भी गया था तो उसे एडिटिंग में हटाया क्यों नहीं गया? क्या सिर्फ कॉमेडियन के कुछ बोलने से अभिव्यक्ति की आजादी पर बहस शुरू होती है और सियासी नेताओं को इससे छूट है?सबसे पहले जान लेते हैं कि पूरा मामला क्या है? समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया जज थे। शो के हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को टैलेंट दिखाने के लिए सिर्फ 90 सेकेंड का समय दिया जाता है। बाद में जजेस उससे सवाल भी करते हैं। आमतौर पर इसमें बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। इस शो में अलाहबादिया ने पैरेंट्स पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। यह एपिसोड आठ फरवरी को यूट्यूब पर अपलोड किया गया। एपिसोड आते ही इस पर विवाद शुरू हो गया। कई जगह पर इस मामले में एफआईआर लिखाई गई है।मुंबई के वर्सोवा में भी समय रैना, रणवीर अलाहबादिया और अपूर्वा मखीजा समेत शो के आयोजकों पर केस दर्ज किया गया है। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की मांग पर यूट्यूब ने इस विवादित एपिसोड को हटा दिया है। अलबत्ता विवाद अभी थमा नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने संसद की आईटी कमेटी से शिकायत करके एक्शन लेने की मांग की है। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस ने भी इसकी आलोचना की है।

इस दुनिया में सब कुछ बिकता है। बिकता इसलिए है कि हर चीज के खरीदार मौजूद हैं। रिश्ते-नाते ही नहीं बातें तक बिकती है, बल्कि सोशल मीडिया पर तो ज्यादातर बातें ही बिक रही हैं। यहां अश्लीलता के 'खरीदारों' की भरमार है। ऐसे कंटेंट को न सिर्फ लाखों व्यू मिलते हैं, बल्कि बदले में यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टा जैसे प्लेटफार्म मोटा मुनाफा भी देते हैं। क्रिएटिव कंटेंट बनाने में समझ और मेहनत की जरूरत होती है, लेकिन अश्लील सामग्री में नहीं। यही वजह है कि ऐसे भोंडे और अश्लील कंटेंट की सोशल मीडिया पर भरमार है और 'खरीदार' हैं। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के भी 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। इनके तकरीबन हर एपिसोड पर कई लाख व्यू भी आते हैं। जब अलाहबादिया ने एक बेसिर-पैर का अश्लील सवाल पूछा था तो कायदे से रैना को एडिटिंग में उसे हटा देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। निश्चित ही उन्हें यह 'बिकाऊ माल' लगा और उन्होंने इसे जाने दिया। रैना जैसे यूट्यूबर सेल्फ रिस्पांसबिल्टी को नहीं मानते और उन्हें लगता है कि कोई भी 'बकवास' बिक सकती है तो उसे मार्केट में बेच देना चाहिए। उन्हें यह भी पता है कि विवाद होने पर मुफ्त में उनकी ब्रांडिंग होगी। बाकी कानूनी पचड़ तो निपट ही जाएंगे। वैसे भी ऐसे मामलों को भारतीय न्याय व्यवस्था बहुत गंभीरता से नहीं लेती है। कई बार तो महज माफी मांगने से भी काम चल जाता है। बात नैतिकता की- सोशल मीडिया के आने के बाद से भारतीय समाज बदला है और अश्लील तेजी से खुलापन आया है। रील्स के रूप में सोशल मीडिया पर अश्लील सामग्री भरी पड़ी है। चूंकि रील्स बनाने वाले इनमें से ज्यादातर लोगों की न तो कोई पहचान होती है और न उनसे नैतिकता की उम्मीद ही की जाती है। यह मामला इसलिए तूल पकड़ गया, क्योंकि अलाहबादिया जाने-पहचाने यूट्यूबर हैं। रणवीर अलाहबादिया को 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड्स में 'डिसरप्टर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला था। उस दौरान उन्होंने कई मंत्रियों और राजनेताओं के पॉडकास्ट किए थे। इससे उन्हें काफी शोहरत मिली थी। समय रैना का शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' पहले भी विवादों में रह चुका है। एक शो में कंटस्टेंट ने कहा था कि अरुणाचल के लोग डॉग मीट खाते हैं। इस मामले की भी शिकायत पुलिस से की गई थी। यहां अहम बात यह है कि इस पूरे मामले में अलाहबादिया को दोषी माना जा रहा है, लेकिन शो को होस्ट समय रैना की भी जिम्मेदारी बनती है कि इस तरह का कंटेंट को वह रोक सकते थे देश के संविधान का अनुच्छेद सभी नागरिकों को अपने विचार व्यक्त करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार बोलने के साथ ही लिखने या छापने और दृश्य प्रस्तुतिकरण के लिए दिया गया है। अहम यह भी है कि इससे भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राष्ट्रों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, अदालत की अवमानना, मानहानि, अपराध के लिए उकसाना, या संसद की संप्रभुता और अखंडता के हितों का नुकसान न होता हो। यह बात तो हुई अभिव्यक्ति की जिम्मेदारी की। यह नियम सभी के लिए समान हैं, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा होता भी है? इसी बात पर कुछ लोग सोशल मीडिया पर सवाल भी उठा रहे हैं। उनका कहना है कि जब कोई कॉमेडियन कुछ कह देता है तो उसे कानून के दायरे में लाया जाता है, लेकिन देश के तमाम राजनेता कुछ भी बोलते रहते हैं जो न सिर्फ समाज के लिए बल्कि देश के लिए भी घातक हो सकता है। ऐसे लोगों पर कभी भी कार्रवाई नहीं होती है और न इस तरह से हाय-तौबा मचती है। कुछ ने तो संसद में अश्लील भाषा बोले जाने का भी जिक्र किया है। **(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**इस शो में अलाहबादिया ने पैरेंट्स पर अश्लील और अनावश्यक सवाल पूछा। यह एपिसोड आठ फरवरी को यूट्यूब पर अपलोड किया गया। एपिसोड आते ही इस पर विवाद शुरू हो गया। कई जगह पर इस मामले में एफआईआर लिखाई गई है।मुंबई के वर्सोवा में भी समय रैना, रणवीर अलाहबादिया और अपूर्वा मखीजा समेत शो के आयोजकों पर केस दर्ज किया गया है। नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन की मांग पर यूट्यूब ने इस विवादित एपिसोड को हटा दिया है।**



# अब आयकर कानून के सरल हो जाने से ढेरों विवाद घटेंगे

■ ललित गर्ग

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरुआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चे पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा। खासकर पिछले करीब डेढ़ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गई कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गई, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। संभावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है। इस कानून को लाकर मोदी सरकार और विशेषतः वित्तमंत्री ने अपने दायित्व का ईमानदारी से पालन किया है।



आयकर कानून-1961 की जटिलताओं के कारण विवादों का अंबार लगा रहा है। जबकि आयकर विभाग को इन विवादों से कोई फायदा भी नहीं होता है क्योंकि इनमें जीत का उसका रिकॉर्ड बड़ा खराब रहा है। ऑर्गनाइजेशन फॉर इकॉनमिक कोऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) की ओर से 34 देशों में टैक्स विवादों पर हुई एक स्टडी के मुताबिक 2015 में भारत में टैक्स विभाग को महज 11.5 प्रतिशत मामलों में ही जीत मिली थी। ओईसीडी देशों का औसत इस मामले में 65 प्रतिशत है। अवश्य ही यह स्थिति भारत के लिये चिन्ताजनक रही है। अब इस स्थिति में सुधार होने की संभावना है। आर्थिक विशेषज्ञों की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले देश में ऐसी सरल कर प्रक्रिया की अपेक्षा रही है कि कोई भी आदमी कर चुकाने के मामले में जमीनी और कागजी, दोनों ही स्तरों पर आत्मनिर्भर हो। नया कानून इस बड़ी अपेक्षा की पूर्ति करते हुए बड़ी परेशानियों से मुक्ति की राह प्रशस्त कर रहा है। ऐसे में चाहे असेसमेंट ईयर के बदले टैक्स ईयर जैसी शब्दावली तय करने की बात हो या सैलरी डिडक्शन से जुड़े तमाम प्रावधानों को एक सेक्शन में रखने की या खेती से जुड़ी आमदनी संबंधी प्रावधानों पर स्पष्टता लाने की, प्रस्तावित बिल सही ढंग से अमल में आए तो यह देश की टैक्स व्यवस्था को मजबूती देने के साथ नया भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत के संकल्प को भी बदल देगा। चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक एवं स्वस्थ विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले देश में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं। आयकर विभाग को इतना चुस्त एवं दुरुस्त करने की जरूरत है कि जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते हैं, ऐसे लोगों का पता लगाये। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। बहुत से लोग काफी समय तक दवा के स्थान पर बीमारी ढोना पसन्द करते हैं पर क्या वे जीते जी नष्ट नहीं हो जाते? खीर को ठण्डा करके खाने की बात समझ में आती है पर बासी होने तक ठण्डी करने का क्या अर्थ रह जाता है? समर्थ लोगों को स्वैच्छा से आयकर देने के लिये तत्पर होना चाहिए। देश में आयकर का विषय विवादों से घिरा रहा है। अभी भी कुछ अर्थशास्त्री आयकर को दोहरा एवं गैर-जरूरी कराधान मानते हैं। लम्बे समय से ऐसे स्वर भी उभरते रहे हैं कि एक आम आदमी लगभग हर वस्तु और सेवा के लिये कर चुकाता है तो फिर उससे आयकर वसूलने की जरूरत क्यों है? भविष्य में इस पर भी सकारात्मक चिन्तन की अपेक्षा है। एक और बड़ी विसंगति का सामना आयकरदाता करता रहा है कि उसे आयकर विभाग हर मोर्चे पर सन्देह एवं शंका की नजर से देखता है। इसलिये जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इस बात की अपेक्षा है कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब करे और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग करे। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता। आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। व्यवस्था करनी होगी, जिससे आयकर आकलन और उसकी वसूली में भ्रष्टाचार न होने पाए। **(साभार: यह लेखक के निजी विचार हैं)**

### देर रात खनिज एवं परिवहन विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

# रेत का अवैध परिवहन करते हुए 6 डंपर जप्त, कारोबारियों में हड़कंप

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ संपूर्ण जिले में संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में गुरुवार शुक्रवार देर रात्रि आरटीओ निशा चौहान और जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने बानापुरा सिवनीमालवा, तहसील सिवनीमालवा में बिना रॉयल्टी,ओवरलोड डंपरों पर छापेमार कारवाही की गई। इस दौरान 06 डंपरों को पकड़ा गया, जिनमें डंपर क्रमांक MP47ZD6777, MP10ZE9993, MP09HJ2089, MP47G0473, MP47ZD1026 और MP47ZC5783 को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

इन डंपरों को तत्काल जब्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिसके बाद रेत का अवैध कारोबार करने वालों में हड़कंप मच गया और डंपर सहित ट्रैक्टर ट्रालियां सड़कों से गायब हो गई। इस कार्यवाही में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम,

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी निशा चौहान, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्र, खनिज



निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते सहित होमगार्ड बल उपस्थित रहे। जप्त किए गए वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान जांच टीमें लगातार सिवनीमालवा, पगड़ाल, बाबरी, धरमकुंडी और अन्य स्थानों पर गस्त करती रही। यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही, जिसमें 6 ओवरलोड डंपर जप्त किए गए, जो नर्मदापुरम जिले से रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे और जिसे हरदा, खंडवा, खरगौन और इंदौर जैसे जिलों में भेजा जा रहा था। सभी डंपरों को सिवनीमालवा थाने में खड़ा कर दिया गया है, और आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### इटारसी टीआई गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में सटोरियों के खिलाफ हुई छापामार कार्रवाई, मचा हड़कंप




**इटारसी ।** कुछ दिनों से सूचना प्राप्त हो रही थी कि पुरानी इटारसी क्षेत्र में कुछ लोग अवैध सट्टा के कार्य में लिप्त है! पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम द्वारा जुआ सट्टा पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश पर एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में बुधवार 12फरवरी 2025 को थाना प्रभारी इटारसी द्वारा टीम गठित कर रेड करने पर पुरानी इटारसी के 1 ललित पिता खड़गराम साहू, 2 भागचंद पिता प्रेम दास गोहिया, 3 रामकुमार पिता खड़गराम साहू एवं 4 अनुराग पिता बृजेश अग्रवाल को अवैध सट्टा पर्ची लिखते पाए जाने पर चारों के विरुद्ध सट्टा एक्ट की कार्रवाई करते हुए कुल 10150 रुपए एवं सट्टा पर्ची जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की गई है! उक्त कार्रवाई में मुख्य भूमिका थाना प्रभारी श्री गौरव सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी, पुष्पेंद्र भदोरिया, अनिल यदुवंशी, आरक्षक साकिर खान, वीरेंद्र पवार, तुलसीराम कोड़ले, राहुल उघड़े, गजेंद्र डडोरे की मुख्य भूमिका रही!




**सिरोंज।** क्षेत्र में यातायात पुलिस के द्वारा यातायात नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चालकों की चैकिंग कर समझाइश दी जा रही है।

## रात को 2 बजे तक बज रहे हैं डीजे कलेक्टर ने करवाई के दिए निर्देश

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

परीक्षाओं को दृष्टि गत रखते हुए कलेक्टर रोशन सिंह ने रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने तथा तेज आवाज में लाउडस्पीकर आदि बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। यदि किसी के द्वारा भी आदेश का उल्लंघन किया गया तो कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी देर-रात तक डीजे बजाने का कार्य किया जा रहा है।

गुरुवार की रात्रि में शहर में 2 तक तेज आवाज में डीजे बजाने का काम कई डीजे संचालकों के द्वारा करके कलेक्टर के आदेश की अवहेलना की इस पर कलेक्टर ने भी इन पर कार्रवाई करने की बात कही जबकि पहले ही एसडीओ प्रवेश कुमार तिवारी ने डीजे संचालकों की बैठक लेकर नियमों का पालन करने के बारे में समझाया था इसके बाद भी कई डीजे संचालक मनमानी पर उतारू है। ज इस समय परीक्षाएं प्रारंभ हो गई हैं यदि रात्रि में इनको बजाने का कार्य किया तो परीक्षाएं प्रभावित कलेक्टर रोशन सिंह को भी देर रात तक डीजे बनाने बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों पर प्रतिबंधित करवाई की जाएगी। एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि 10 बजे के बाद जो भी डीजे बजाते हुए मिलता है यह हमें सूचना मिलेगी तो हम तत्काल करवाई करेंगे।

# ग्राम निमसाड़िया में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित

**एचआईवी सिफीलिस टेस्ट, हेपेटाइटिस IEC अवर्नेस , सिकल सेल एनीमिया टेस्ट, 54 लोगो ने उठाया लाभ**



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

14 फरवरी को प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल एंड सोशल सोसायटी संस्था से संपूर्ण सुरक्षा केंद्र जिला अस्पताल के द्वारा ग्राम निमसाडिया में मेगा हेल्थ कैंप लगाया गया। जिसमें 242 एच आई वी/सिफीलिस स्क्रीनिंग हेपटाइटिस स्क्रीनिंग टीबी स्क्रीनिंग 46 की गई। जिला अस्पताल से एसटीआई काउंसलर विवेक पटवा, आइसीटीसी काउंसलर प्रकाश यादव, लैब टेक्नीशियन राजेंद्र द्विवेदी जिला अस्पताल से डॉक्टर शुभम सरकार, सी एच ओ नीतू नागराज, सरपंच बालेन्द्र पटेल, सचिव संदीप पटेल, सेक्टर सुपरवाइजर अरुण चौरे, सुपरवाइजर जानकी चौरे, आशा बसंती चौरे, कुसुम चौरे , सुदामा शौर्य, सीता चौरे, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेनेजर रक्षा शुक्ला, प्रियांशी एजुकेशनल कल्चरल एंड सोशल सोसायटी नर्मदापुरम टी आई परियोजना प्रबंधक मीनाक्षी बाथरी, ओ आर डबलू, हरीश यादव , ज्योति खरवार, सोनू गौर, आरती बेलवंशी काउंसलर भी उपस्थिति आइसी अवेयरनेस स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया । जिसमें एचआईवी सिफीलिस टेस्ट, हेपेटाइटिस IEC अवर्नेस , सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 54 लोगो के द्वारा कैंप में सुविधा ली गई। संपूर्ण सुरक्षा केंद्र स्टाफ द्वारा HIV/AIDS की जानकारी दी गई, आईईसी वितरित किया गया।

## मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत आर्थिक मदद जारी

**सिरोंज।** विदिशा मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत एक प्रकरण में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आर्थिक सहायता के आदेश जारी कर दिए है। जारी आदेशानुसार मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत तहसील गुलाबगंज के ग्राम मढीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र शंकर सिंह राजपूत उम्र 36 साल की कृषि कार्यो के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो जाने पर मृतक की पत्नी श्रीमती विनीता राजपूत को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



# वार्षिकोत्सव में छोटे बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

बरेठ रोड स्थित माय स्कूल में वार्षिकोत्सव संपन्न हुआ। जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर वर्ष भर होने वाली प्रतियोगिताओं के पुरस्कार भी बच्चों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के त्रिवेश लोधी ने किया।कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों की प्रस्तुति के बाद अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किए। बच्चों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित जन समूह का



मन मोह लिया। इस अवसर पर वर्ष में हुई विभिन्न वार्षिक प्रतियोगिताओं के में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित भी किए गए.राज्य स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार प्रदान किए। इसके साथ ही रंगोली मेकिंग, राखी मेकिंग, ग्रेट ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, दीप सज्जा, सर्वाधिक उपस्थित एवं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

## 5वर्ष के बच्चों के लिए सांस अभियान 28 तक

**सिरोंज।** राज्य स्तर से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी के निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर डीके शर्मा के समन्वय से जिले में 28 फरवरी 2025 सांस अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सांस अभियान अंतर्गत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों की निमोनिया रोग से संबंधित जांच बचाव एवं उपचार किया जा रहा है। इसके संबंध में स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले 5 वर्ष से छोटे बच्चों में निमोनिया के संबंध में जांच कर उपचार किया जा रहा है। साथ ही समुदाय स्तर पर निमोनिया से बचने के लिए निमोनिया रोग के कारक, लक्षण निमोनिया से बचाव एवं उसके प्रबंधन के संबंध में अभिभावकों को जानकारियां भी दी जा रही हैं। साथ ही आम नागरिकों को सलाह भी दी जा रही है कि वह किसी अंधविश्वास में ना आकर अपने बच्चों में निमोनिया के लक्षण पाए जाते हैं तो नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में चिकित्सक से जांच कराकय उपचार कराएं। ताकि बच्चों में निमोनिया की गंभीर स्थिति को टाला जा सके एवं बच्चों की निमोनिया से होने वाली मृत्यु दर को रोका जा सके।



तहसील सिरोंज वक्फ कमेटी और ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से शब ए बारात पर मस्जिदों, कब्रिस्तानों के बाहर साफ सफाई और लाइट लगवाई गई जिसको लेकर फाजिल भाई नट छाप बीड़ी वालों द्वारा उनके निज निवास पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा निर्देश जारी

## अवकाश दिवस 15 और 22 फरवरी को भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**सिरोंज।** महानिरीक्षक पंजीयन मध्यप्रदेश द्वारा फरवरी माह के अवकाश दिवसों (शनिवार) में पंजीयन कार्यालय खोले जाने के संबंध में पत्र जारी कर निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र में उल्लेख है कि उपरोक्त विषयक माह फरवरी एवं मार्च, शासन के राजस्व की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। प्रदेश के जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह फरवरी 2025 में शनिवार अवकाश दिवस यथा 15 फरवरी एवं 22 फरवरी को जिला मुख्यालय स्थित समस्त उप पंजीयक एवं समस्त वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक कार्यालय पंजीयन एवं शासकीय कार्य हेतु खुले रहेंगे। उक्तानुसार सार्वजनिक अवकाश दिवसों में परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन अपने परिक्षेत्र अंतर्गत पंजीयन कार्यालय खोले जाना सुनिश्चित करें।

**मेट्रो एंकर** पुलवामा हमले के शहीदों वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

# शहीदों को नमन किया, कैंडल मार्च निकाला और देश भक्ति के गीत गाए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कई स्थानों पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा के अंतर्गत आयोजित एक कार्यक्रम के अवसर पर जय हो समिति के सदस्यों, स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने एकत्रित होकर शहीदों को नमन किया और उनकी शहादत को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और दो मिनट के मौन से हुई। ततपश्चात सभी देशभक्तों द्वारा मालखेड़ी क्षेत्र के विभिन्न मार्ग पर कैंडल मार्च निकाला गया। इसके पश्चात समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा हमारे वीर जवानों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर अमर हो गए है। इस अवसर पर विशेष रूप से देशभक्ति गीतों का आयोजन किया गया। समिति ने यह भी संकल्प लिया कि शहीदों की स्मृति में विभिन्न समाजसेवी कार्य किए जाएंगे। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर लोकेश तिवारी, अभय वर्मा, अमीन राइन, रामू चौहान, महेश बावरिया, दौलत यादव, गोलू राजपूत, माखन कीर, अमित महाला, गुलाम मुस्तफा, विमल गोस्वामी, गजेंद्र चौहान, ओम राय, सुभान खान, अजय बावरिया, राकेश धाकड़, विमल गोस्वामी, अनिल मिश्रा, मुन्ना वर्मा,



आकाश माझी, अजय बावरिया, सागर पटेल, सौरभ वर्मा, लोकेश बिश्नोई, अंकित सागर, विशाल बावरिया, गणेश यादव, जतिन यादव, आशीष सोनी, कौशिक बावरिया, दिव्यांश वर्मा, अनुराग वर्मा, क्षितिज वर्मा, अमन वर्मा, सौरभ अहिरवार, अंकित वर्मा, आशीष मेहरा उपस्थित रहे।

### वेलफेयर सोसाइटी ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

महादेव वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा शुक्रवार को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। महादेव वेलफेयर सोसाइटी नर्मदापुरम के जिला अध्यक्ष मिहिर श्रीवास्तव ने बताया कि पुलवामा में सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिला संरक्षक दीपक पटेल, जिला उपाध्यक्ष रजत यादव, जिला मीडिया प्रभारी दीपक साहू, जिला कार्यालय मंत्री सौरभ परसाई, जिला सह संयोजक छत्रपाल ठाकुर, जिला कोषाध्यक्ष स्वयंम सेनआदि मौजूद रहे।

वहीं माँ नर्मदा सहयोग संस्था के सदस्यों द्वारा पुलवामा में शहीद हुये सेना के जवानों को भाव भीनीं अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनिट का मौन धारण किया एवं उन वीरों के परिवार जनों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की. श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से संस्था की संरक्षक सफलता तिवारी,अध्यक्ष नीरजा फौजदार, आशा बाजपेयी, रामगोपाल चौबे, आर एस चौहान, अशोक श्रीवास्तव, अनन्ता चौबे आदि उपस्थित थे।

# कलेक्टर द्वारा नाबार्ड की नॉन वाटर शेड पायलट परियोजना का अवलोकन





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज सिरोंज क्षेत्र में भ्रमण के दौरान नाबार्ड की नॉन वाटर शेड पायलट परियोजना का अवलोकन किया। यह परियोजना सिरोंज के 4 चयनित गांव रीछान, फजलपुर, छापु एवं तरवरिया में संचालित हैं। इस परियोजना में क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में लूपिन फाउंडेशन कार्य कर रही है। परियोजना में नाबार्ड के अनुदान स्वरूप समन्वित कृषि प्रणाली गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में डेयरी, पशुपालन, बकरी पालन, उद्यानकी में ड्रिप एवं मल्चिंग, मंडप सब्जी की खेती, वर्मी कंपोस्ट, फार्म पौंड, मछली पालन, गाय भैंस, पालन, इत्यादि अनेक गतिविधियां सम्मिलित हैं। इस परियोजना के माध्यम से इन 4 गांव के 400 परिवारों ने समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से अपनी आय में वृद्धि की है। इन मॉडल को रिप्लिकेट करने के लिए बैंक फाइनेंस के रूप में संयुक्त देयता समूह बनाकर ऋण वितरित किए गए हैं। कुछ किसानों ने अपनी स्वयं की आय से दोबारा इन कार्यों को रिप्लिकेट किया है। नाबार्ड एवं लूपिन फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। इस दौरान सिरोंज एसडीएम हर्षल चैधरी, डीडीएम नाबार्ड श्रीमती जगप्रीत कौर, लूपिंग फाउंडेशन के कार्यक्रम संयोजक सुशील कुमार सहित अन्य सहयोगी मौजूद रहे।

**नाबार्ड एवं लूपिन फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण**

## नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना लटेरी में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना लटेरी में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 292/2024 का फरार आरोपी जय सिंह पुत्र रामहित कुशवाह उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सल्लमगढ थाना जामनेर जिला गुना (मप्र) की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### कलेक्टर ने सिरोंज के ग्रामों का भ्रमण कर जायजा लिया

# विभागीय उपलब्धियां क्षेत्रों में स्पष्ट परिलक्षित हों : कलेक्टर

**समयावधि में कार्यों का संपादन कर प्रगति के सोपानों को बढ़ाएं**





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिरोंज तहसील क्षेत्र के ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों के अलावा निर्माण कार्यों का जायजा लिया है। उन्होंने भ्रमण के दौरान अधिकारियों से कहा है कि विभागीय उपलब्धियां क्षेत्रों में स्पष्ट परिलक्षित हों। स्थानीय रहवासियों के द्वारा आप सभी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को बतलाने के लिए आगे आना चाहिए। यह सब कैसे संभव हो सकता है पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आप सब के क्रियान्वयन से ही जिले की ख्याति में वृद्धि होगी। क्रियान्वयन में कहीं कोई दिक्कत आती है तो बतलाने में जरा भी देरी ना करें। समस्याओं के समाधान हेतु कार्य क्षेत्र में सतत संपर्क व भ्रमण पर उन्होंने जोर दिया है।

कलेक्टर पहुंचे कई जगह सरकारी सिस्टम अच्छे से कम कर रहा तो कई जगह लापरवाही भी मिली जैतपुर म ज सरकार के द्वारा संचालित की जा रही गौशाला की जमीन को पंचायत तथा मनरेगा विभाग मुक्त नहीं करवा पाए इस पर गोल-गोल जवाब देने कलेक्टर ने जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सही तरीके से काम करो करना ऐसे काम नहीं चलेगा मनरेगा परिषद के नियमों का पालन करते हुए गौशालाओं के संचालन के लिए उक्त जमीन को अतिक्रमण धारियों से खाली करवाने के लिए 5 साल तक काम क्यों नहीं किया जिसको मनरेगा के अधिकारियों ने गलत जवाब देते हुए कहा कि एक एकड़ में गेहूं लगा है जबकि कोई जमीन खाली नहीं है गायों के लिए चढ़ने के लिए गेहूं नहीं पर बरसिम लगाई जाती है कलेक्टर ने कहा कि धरातल पर काम चलो हवा में बातें मत करो ऐसे काम नहीं चलेगा सकारात्मक दृष्टि के साथ काम करने पर जोर दिया और कहा कि उक्त भूमि गौशाला के लिए उपयोग मनरेगा परिषद के नियमों के तहत काम करें प्रभारी सीईओ को भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने भ्रमण संपर्क के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी संवाद कर क्रियान्वयन कार्यों की अधिकारी व कर्मचारियों की ग्रास रूट पर उपस्थित और कार्य करने की प्रक्रिया को जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीणों से रूबरू होने के दौरान आव्हान किया कि वह अपने बच्चों को आंगनबाड़ी, स्कूल जरुर भेजें इस कार्य में दादी और माताएं प्रेरणा स्वरूप सहयोग प्राप्ति के उपायों को सांझा किया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम की नल जल योजना के बेहतर संचालन के लिए ग्राम की महिला स्व-सहायता समूहों को जवाबदेंही सौंपने के सुझाव को अमल में लाने की बात कही है। शासन द्वारा हर घर में नल से जल पहुंचे से लाभान्वित महिला से चर्चा कर जीवन में आए परिवर्तन के संस्मरणों को जाना है।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने भ्रमण के दौरान निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति का भी जायजा लिया है। उन्होंने कहा कि एजेंसियां समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए कार्य पूरा कराएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम देहरीपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र का, ग्राम मूडरा बागल में निर्माण कार्यों का, ग्राम यूसुफपुर में शासकीय शाला के बच्चों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक योग्यताओं के पैमाने को परखा है। वहीं बच्चों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर वृक्षों का मानव जीवन में क्या महत्व है को रेखांकित कर रोपित पौधों की देखभाल करने और घर के सदस्यों को पौधे लगाने की बातें सांझा करने की सीख दी है।

### 100 कॉलोनीयों पर होने वाली है कार्रवाई कलेक्टर

रेस्टहउस में कलेक्टर श्री सिंह ने पत्रकारों हुए बात करते हुए कहा कि शान योजनाओं की जमीन हकीकत देखने वाले कई जगह अच्छी व्यवस्था मिली तो कहीं पर कमियां मिली उनमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह अवैध कॉलोनी के संबंध में सवाल किया तो कलेक्टर ने कहा कि हमने 100 कॉलोनी को कारवाई के लिए चिन्हित किया कुछ कॉलोनीयों को विक्रय से प्रतिबंधित किया गया है। नोटिस और अन्य कई कार्रवाई होने के बाद अवैध रूप से कॉलोनी काटने वालों पर प्रकरण दर्ज कराएंगे इन्हें विक्रय से प्रतिबंधित करेंगे जनता के साथ धोखा करने वाले को छोड़ेंगे नहीं निश्चित कडी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा सहकारिता विभाग में नीतियों की गड़बड़ी के मामले पर भी कार्रवाई करने की बात कहीं दूसरी और अस्पतालों एक एएनएम को संविदा पर रखा था उसको हटा दिया था कई सालों से आज भी वह कार्य कर रही है उस मामले पर भी कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया उन्हें कि मेरे संज्ञान मामला है तो हम इसमें कार्रवाई करेंगे सरकारी स्कूलों में कलेक्टर द्वारा लागू किए गए जिओ टेकिंग का फायदा हो रहा है स्कूलों में शिक्षक पहुंचने लगे है।

### गौशालाएं आत्म निर्भर बने

कलेक्टर श्री सिंह ने आज ग्राम जैतपुर में गौशाला के कार्यों का निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि जिले की सभी गौशालाएं स्वमेव आत्म निर्भरता की ओर अग्रसर हो इसके लिए बेहतर प्रबंधन अति आवश्यक है। उन्होंने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का सिर्फ गौ शालाओं के संवर्धन कार्यक्रम हेतु उपयोग करने पर बल दिया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने यहां के कस्टम हायरिंग सेंटर और मियावाकी पद्धति से किए गए पौधारोपण कार्य का निरीक्षण कर कस्टम हायरिंग की सुविधाओं का किसानों को कैसे अधिक से अधिक लाभ मिले ताकि किसानों की आमदनी में इजाफा हो इस ओर विशेष ध्यान दें के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम रतनबरी में जल निगम के कार्यों का जायजा लिया। संचालित एकल विलेज नल जल योजना की गहन जानकारी प्राप्त की है। सिरोंज के विश्राम गृह में दरी निर्माण समिति के कार्यकर्ताओं से चर्चा की और प्रस्तावित कृषि मंडी स्थल एवं बायपास रोड का निरीक्षण किया है। ग्राम तरवरिया में ट्रेलिंस फार्मिंग सिस्टम का निरीक्षण, ग्राम छापू में कामधेनु फार्म बकरी पालन इकाई फार्म पॉन्ड डेयरी इकाई से लाभान्वितो से संवाद कर उनके जीवन में आए परिवर्तनों को जाना है।

कलेक्टर श्री सिंह ने एक करोड़ 47 लाख की लागत से ग्राम चितावर में बन रहे हायर सेकंडरी स्कूल भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया है। निर्माण एजेंसी पीआईयू के अधिकारियों को ततसंबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# मुख्यमंत्री स्कूटी योजना में जिले के 162 विद्यार्थियों को स्कूटी मिली

- 75 प्रतिशत अंक लाने वाले 2086 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25 हजार रूपये की राशि भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विदिशा जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना में विदिशा जिले के 162 विद्यार्थियों को स्कूटी प्रदाय की गई है तथा 75 प्रतिशत अंक लाने वाले जिले के 2086 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खातों में पहुंचने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

छात्र-छात्राओं को प्रोत्सहित किये जाने पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर द्वारा शासन का आभार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जानकारी देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासकीय विद्यालयों की कक्षा 12वीं में संस्था स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्कूटी वितरण के माध्यम से स्कूटी हेतु 162 छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदाय करने की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। साथ ही मेधावी छात्र योजना अंतर्गत जिले के शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल से संबद्ध कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओ को लैपटॉप क्रय हेतु 25 हजार रूपये की राशि उनके खातो में भेजे जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इस योजना से जिले के 2086 छात्र-छात्राऐं लाभांवित होगें।

## दस्तक अभियान के द्वितीय चरण की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**सिरोंज।** दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 मार्च 2025 तक संचालित किया जाएगा। जिसके तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक प्रोटोकॉल अनुसार पिलाई जाएगी। साथ ही दस्तक अभियान के प्रथम चरण में छह माह से 5 वर्ष तक के जो बच्चे एनीमिया के शिकार थे। उनकी डिजिटल हीमोग्लोबिन मीटर से एनीमिया की जांच की जाएगी। एनीमिया के जांच उपरांत मध्यम एवं अल्प एनीमिक बच्चों को आयरन सिरप द्वारा उपचार किया जाएगा एवं सीवियर एनीमिक बच्चों को ब्लड ट्रांसफ्यूजन हेतु जहां पर ब्लड की स्टोरेज रहती है। उस स्वास्थ्य संस्था में निशुल्क 108 एंबुलेंस के माध्यम से रेफर किया जाएगा। उसे संस्था में बच्चों को विशेष चिकित्सकों की निगरानी में रक्त चढ़ा कर उपचार किया जाएगा। दस्तक अभियान के द्वितीय चरण क्रियान्वयन के संबंध में विदिशा के जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी के निर्देशन एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ डीके शर्मा के समन्वय से समस्त विकास खंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीईई, बीपीएम, बीसीएम अर्बन नोडल अधिकारी, महिला बाल विकास से जिला कार्यक्रम अधिकारी ,विकासखंड परियोजना अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर योगेश तिवारी ने सभी को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम का शीघ्र माइक्रोप्लान तैयार कर भेजें एवं कार्य को गंभीरता पूर्वक लेते हुए सभी कार्य समय पर पूर्ण करें। समय पर जिला स्तर पर रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें एवं कार्य की ऑनलाइन एंट्री डीएमटी पोर्टल पर भी की जाए। उक्त प्रशिक्षण राज्य स्तरीय सलाहकार एनआई श्री देव कुमार दूबे एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डीके शर्मा द्वारा दिया गया।

# फारेस्ट टीम ने 8.2 हेक्टेयर वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। विदिशा जिले में अतिक्रमण विरोधी मुहिम में जिला प्रशासन द्वारा कार्य किये जा रहे हैं। वनमण्डल के परिक्षेत्र उत्तर और दक्षिण लटेरी के स्टॉफ, वनमण्डल उडनदस्ता और समस्त वन विकास अमले ने ग्राम मसूड़ी से लगे वनक्षेत्र की लगभग 8.2 हेक्टेयर वनभूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है।

वन विकास निगम के विदिशा रायसेन परियोजना मण्डल के परियोजना परिक्षेत्र उत्तर लटेरी में कलेक्टर श्री रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं वन मंडलाधिकारी श्री हेमन्त यादव तथा श्री तरूण कुमार कौरव संभागीय प्रबंधक, विदिशा रायसेन के निर्देशन मे श्री केके यादव उप संभागीय प्रबंधक, श्री नवीन भारद्वाज परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एवं सामान्य वनमण्डल के परिक्षेत्र उत्तर और दक्षिण लटेरी के स्टॉफ, वनमण्डल उडनदस्ता और समस्त वन विकास अमले के साथ ग्राम मसूड़ी से लगे वनक्षेत्र कक्ष क पी - 470 मे लगभग 8.2 हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।अतिक्रमण विरोधी मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

**मेट्रो एंकर** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा 25 फरवरी एवं 27 फरवरी से होंगी प्रारम्भ

# जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में 12वीं के 14085, 10वी के 19899 परीक्षार्थी होंगे सम्मिलित

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल परीक्षा 25 फरवरी एवं 27 फरवरी 2025 से प्रारम्भ हो रही हैं। जिसमें हायर सकेण्डरी में 12369 नियमित एवं 1716 स्वाध्यायी परीक्षार्थी कुल 14085 तथा हाईस्कूल परीक्षा में 17923 नियमित एवं 1976 स्वाध्यायी कुल 19899 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस परीक्षा के आयोजन के लिए जिले में 75 परीक्षा केन्द्रों का गठन किया गया हैं। जिनमें 03 संवेदनशील तथा 08 अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्र हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा बोर्ड परीक्षा को लेकर विदिशा जिले में चुनावी तर्ज पर तैयारी सुनिश्चित की गई है। बोर्ड परीक्षाओं में किसी प्रकार की अनियमिताएं न पाई जाएं, चाक-चैबंद व्यवस्थाएं परीक्षा केन्द्रों पर हों के साथ-साथ जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल ना होने पाए के संबंध में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**तीन संवेदनशील और आठ अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर एक-एक प्रेक्षक नियुक्त** - प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्षध्सहायक केन्द्राध्यक्ष एवं कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति कर दी गई है। 03 संवेदनशील एवं 08 अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक प्रेक्षक की भी नियुक्ति की गई है जो मुख्य प्रश्नपत्र दिवस को (हाईस्कूल के लिए अग्रेजी गणित, विज्ञान, एवं सामाजिक विज्ञान एवं हा.से. के लिए अग्रेजी, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान गणित एवं अर्थशास्त्र ) कुल 10 दिवस परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर मॉनिटरिंग करेगे। 75 परीक्षा केन्द्रों पर रिजर्व सहित 1436 पर्यवेक्षकों की ड्युटी लगाई गई है।

### प्रश्न पत्र को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई अफवाह तो की जाएगी कानूनी कार्रवाई




परीक्षा अवधि में आपराधिक तत्वों द्वारा प्रश्नपत्र से संबधित यदि कोई अफवाह सोशल मीडिया पर फैलाई जाएगी तो उसे रोकने तथा साईबर आपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के लिए जिले की साईबर अपराध शाखा को निर्देशित किया गया है। परीक्षा केन्द्र के अंदर एवं परिसर में परीक्षा केन्द्र में दर्ज परीक्षार्थी व ड्यूटी पर तैनात शिक्षक, कर्मचारी को छोड़कर यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति पाया जाता है तो उसे तत्काल पुलिस के हवाले करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**परीक्षा केन्द्रों पर मोबाइल फोन पूर्णत प्रतिबंधित कलेक्टर प्रतिनिधि ही ला सकेंगे मोबाइल** - परीक्षा तिथियों में केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक अन्य संलग्न कर्मचारियो एवं परीक्षार्थियो का परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल का उपयोग, लाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति, कर्मचारी परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल लाता है तो उसे प्रश्न पत्र खोलने के पूर्व एकत्रित कर अलमारी में सील बंद करने एवं आगामी परीक्षा तिथियों में मोबाईल नहीं लाने की समझाईस दिए जाने के निर्देश हैं। परीक्षा केन्द्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाईल फोन उपयोग करने की अनुमति रहेगी। किसी भी प्रकार की रिर्पोटिंग मोबाईल से नहीं की जाएगी।

**परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नहीं** - माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा निर्विघ्न रूप से संपन्न हों इस हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में विदिशा जिले के सभी 75 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के दौरान कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति, कर्मचारी उपस्थिति नहीं रहेगा। निर्धारित परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर के आसपास कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश ना करे इसके लिए 100 मीटर के दायरे में चूने की लाईन अथवा बेरीकेट्स लगाकर चिन्हित किया जाएगा।

**विद्यार्थियों को आठ बजे पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र** - हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने पर प्रातः 08 बजे तक ही छात्रों को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा कक्ष में 8.30 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है।

**नकल रोकने के लिए 21 उड़नदस्तों का गठन** - परीक्षा केन्द्र पर तलाशी लेने पर परीक्षार्थी के पास मोबाइल फोन, पेजर, सेल्युलर फोन, हस्तलिखित पर्ची, मुद्रित पर्ची, पुस्तक, गाइड, कॉपी, केलकुलेटर इत्यादि कोई भी सामग्री पाई जाती है तो संबंधित परीक्षार्थी पर नकल प्रकरण बनाया जाएगा। परीक्षा को नकल रहित बनाने के लिए विकासखण्ड स्तर पर दो-दो एवं जिला स्तर पर सात कुल 21 निरीक्षण दलों (उडनदस्तों) का गठन किया गया है।

## प्राइज मनी दोगुना से ज्यादा बढ़ी, पिछली बार 29 करोड़ थी इस बार 60 करोड़

# पाकिस्तान में 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होगी

**9 मार्च को होगा फाइनल, आठ देश की टीमें लेगी भाग**

**ढाका, एजेंसी**

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए प्राइस मनी की घोषणा की है। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होने जा रही है। इसमें आठ देश हिस्सा लेंगे। इस एडिशन के चैंपियन को 19.46 करोड़ (2.24 मिलियन स डॉलर) और उपविजेता को 9.72 करोड़ (1.12 मिलियन स डॉलर) रुपए मिलेंगे। वहीं, सेमीफाइनल हारने वाली दोनों टीम को लगभग 4.86 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी की कुल प्राइज मनी 59.93 करोड़ है, जो 2017 में हुई पिछली चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले 53त्र ज्यादा है। 2017 की कुल प्राइज मनी 28.88 करोड़ रुपए थी। 9 मार्च को





फाइनल खेला जाएगा हाइब्रिड मॉडल में होने वाला टूर्नामेंट 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक चलेगा। 19 दिन में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच 23 फरवरी को दुबई में होगा। भारत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलेगा, टीम के ग्रुप में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं। दुबई में ही एक सेमीफाइनल भी खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचा तो यह मैच भी दुबई में होगा। जबकि टूर्नामेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे। चैंपियंस ट्रॉफी 8 साल बाद होने जा रही है, 2017 में आखिरी बार पाकिस्तान ने भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था। बांग्लादेश के खिलाफ अभियान शुरू करेगा भारत भारत ग्रुप-ए में है। टीम के ग्रुप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड हैं। वहीं दूसरे ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान हैं। 4 और 5 मार्च को 2 सेमीफाइनल होंगे, वहीं 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

## केकेआर और आरसीबी के बीच होगा आईपीएल का ओपनिंग मैच, 22 मार्च से शुरुआत, ईडन गार्डन्स स्टेडियम में फाइनल; हैदराबाद में प्लेऑफ के 2 मैच

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन की शुरुआत शनिवार, 22 मार्च से होगी। पिछली चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (च्चत्र) के होम ग्राउंड ईडन गार्डन्स में ओपनिंग और फाइनल मैच होगा। पहले मैच में केकेआर के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु होगी। पूरा शेड्यूल 1 या 2 दिन में रिलीज किया जा सकता है। फ्रेंचाइजी टीमों को अहम मैचों के बारे में बता दिया गया है। कोलकाता ने 2024 के फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद (स्क्रा) को हराकर खिताब जीता था। हैदराबाद में इस बार प्लेऑफ के 2 मैच खेले जाएंगे। हैदराबाद भी होमग्राउंड से करेगा शुरुआत 17वें सीजन की रनर-अप सनराइजर्स हैदराबाद भी अपने अभियान की शुरुआत होमग्राउंड उप्पल से ही करेगी। 23 मार्च को उनका सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा, मैच दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। दोनों टीमें पिछले सीजन के क्वालिफायर-2 में भी भिड़ी थीं। हैदराबाद ने मुकाबला जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। 25 मई को कोलकाता में फाइनल आईपीएल में डिफेंडिंग चैंपियन टीम के होमग्राउंड पर ओपनिंग और फाइनल मैच होता है। इस बार भी कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में दोनों अहम मैच होंगे। फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। कोलकाता में ही क्वालिफायर-2 भी होगा। वहीं पिछली रनर-अप स्क्रा के होमग्राउंड हैदराबाद में क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर खेला जाएगा।

## ऊंची कूदः एरिजोना मीट में 2.23 मीटर का मार्क पार

# तेजस्विन शंकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ बने चैंपियन




**एरिजोना, एजेंसी**

भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। इस स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने एक समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमरीका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया गया। जबकि सियर्स और विल्चेस ने क्रमशः अपने दूसरे और तीसरे प्रयास में यह मार्क दर्ज किया था। तेजस्विन शंकर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर है, जो 2018 में हासिल किया गया एक राष्ट्रीय रेकॉर्ड है। इस बीच भारत के ही सर्वेश कुशारे ने 2.13 मीटर की दूरी तय करके पांचवां स्थान हासिल किया।

## भारतीय पुरुष व महिला रिले टीम विफल

**नासाउ. एजेंसी**

भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले इवेंट में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहीं, इसके साथ ही वे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कुमार व ज्योतिका दांडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट-2 में 3ः20.36 के समय के साथ छठे स्थान पर रही। वहीं मुहम्मद अनस याहिया, राजेश रमेश, मुहम्मद अजमल और अमोज जैकब की पुरुष टीम हीट-4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई।



## मेट्रो बाजार

# इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी, सोना 1299 बढ़कर 85998 पर पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 8 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 84,699 रुपए था, जो अब यानी 15 फरवरी को 85,998 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,299 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 2,562 रुपए महंगी होकर 97,953 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 95,391 रुपए प्रति किलो पर थी। 1 जनवरी से अब तक सोना 9,836 महंगा हुआ इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 9,836 रुपए बढ़कर 85,998 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,936 रुपए बढ़कर 97,953 रुपए पर पहुंच गया है। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 80,060 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,320 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,910 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,170 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,910 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 87,170 रुपए है। चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,910 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,170 रुपए है। भोपाल में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,960 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 87,220 रुपए है।



## 10 लाख करोड़ बढ़कर 27 लाख करोड़ हुआ हाउसिंग लोन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मकानों की बढ़तीं कीमतें और ब्याज दरों में तेजी के बावजूद कर्ज लेने की रफ्तार अच्छी खासी बढ़ रही है। पिछले दो साल में हाउसिंग लोन करीब 10 लाख करोड़ बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना के बाद आवासीय संपत्तियों में मजबूत सुधार से हाउसिंग लोन में जबरदस्त तेजी देखी गई है। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च, 2022 में कुल हाउसिंग लोन 17.26 लाख करोड़ था जो मार्च, 2023 में 19.88 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, वाणिज्यिक रियल एस्टेट में कुल उधारी 4.48 लाख करोड़ रुपये रही है जो मार्च, 2022 में 2.97 लाख करोड़ रुपये थी। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस कहते हैं कि सरकारी प्रयासों से सस्ते मकानों की मांग में तेजी आई है। साथ ही कोरोना में घर की बिक्री अच्छी खासी घटी थी।

## फुटबॉल विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए शिविर

# ब्लू टाइगर्स छह जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 प्रारंभिक क्वालीफायर के दूसरे चरण की तैयारियों के लिए भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने शनिवार को भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है। संभावितों की दूसरी सूची कुछ दिनों में घोषित की जाएगी। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में कैंप लगाया जाएगा। ग्रुप-ए के आखिरी दो मैचों में ब्लू टाइगर्स दोहा में कतर के खिलाफ मैदान पर उतरने से पहले छह जून को कोलकाता में कुवैत से भिड़ेगी। कोच इगोर स्टिमैक ने खिलाड़ियों का किया चयन है।



**भुवनेश्वर कैंप के लिए 26 संभावित खिलाड़ी: गोलकीपर-** अमरिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह संधू डिफेंडर- अमेय रानावाडे, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मुहम्मद हम्माद, नरेंद्र, निखिल पुजारी, रोशन सिंह नाओरेम। मिडफील्डर- ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, इमरान खान, इसाक, जेकसन सिंह थौनाओजम, महेश सिंह, मोहम्मद यासिर, नंदकुमार, राहुल कन्नोली प्रवीण, सुरेश सिंह वांगजाम, विबिन मोहनन। फॉरवर्ड डेविड लालहलानसंगा, जितिन सुब्रान, लालरिनजुआला लालबियाकनिया, पार्थिब गोगोई, रहीम अली, सुनील छेत्री।

## मैड्रिड ओपन टेनिस फाइनल

# रुबलेव-फेलिक्स में खिताबी भिड़ंत

### चैंपियन बनने पर होंगी दोनों की नजरें

**मैड्रिड. एजेंसी**

सातवीं वरीय रूस के खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव और कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलियासिमे के बीच मैड्रिड ओपन का पुरुष एकल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा। सेमीफाइनल में रूसी खिलाड़ी रुबलेव ने अमरीका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4 से हराया और इस साल दूसरी बार फाइनल में पहुंचे। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जिरी लेहका के पहले सेट में चोट के कारण रिटायर होने की वजह से फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने फाइनल में जगह बनाई। खास बात यह है कि रुबलेव और ऑगर मैड्रिड ओपन में पहली बार चैंपियन बनने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। करियर के अपने 16वें खिताब जीत की कोशिशों में जुटे रुबलेव और फेलिक्स के बीच अब तक कुल पांच मुकाबले खेले गए हैं। इसमें रूसी खिलाड़ी रुबलेव ने चार और कनाडा के खिलाड़ी फेलिक्स ने एक बार जीत हासिल की है। दोनों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है।

# नेशनल गेम्स : मप्र 82 पदक के साथ पदक तालिका में प्रथम 4 में

**नईदिल्ली. एजेंसी**

नेशनल गेम्स 2025 में मध्य प्रदेश के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य के साथ 82 पदक अर्जीत किये। मध्य प्रदेश उतराखंड नेशनल गेम्स 2025 में पदक तालिका में चौथे व राज्यों में तीसरे स्थान पर रहा। उल्लेखनीय है प्रतियोगिता 35 खेलों में 28 जनवरी से लेके 14 फरवरी तक उत्तराखंड के 11 विभिन्न स्थानों पर आयोजित की गयी थी। इस बडे आयोजन में 33 राज्यों के 10,000 खिलाडियों ने प्रतिभागिता की थी। मध्य प्रदेश के दल में कुल 435 सदस्य शामिल थे जिसमे 335 खिलाडी और 100 ऑफिसियल शामिल थे। यह दूसरा अवसर है जब मध्य प्रदेश ने अपने प्रदर्शन को दोहराते हुए राज्यों में तीसरी और ओवरआल चौथी रैंक प्रापत की है, पदक तालिका में सेना प्रथम स्थान पर, महाराष्ट्र दुसरे स्थान पर , हरयाणा तीसरे और मध्य प्रदेश चौथे स्थान पे था। भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्षा उनपरी पी.टी. उषा ने मध्य प्रदेश को राज्यों में तृतीय आने पर ट्राफी दे कर सम्मानित किया।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

### • फिल्म की शुरू हो चुकी है शूटिंग

# जॉली एलएलबी 3 में हुमा की एंट्री, अक्षय संग करेगी इश्क



जॉली एलएलबी 3 इन दिनों काफी सुर्खियों में बनी हुई है। फैंस भी एक साथ अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जोड़ी को देखने के लिए उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि इस मूवी में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। ऐसे में एक बार फिर एक्ट्रेस अक्षय कुमार संग इश्क फरमाते हुए नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी एक साथ फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' में साथ दिखाई देने वाले हैं। उनकी इस मूवी की घोषणा पहले ही हो चुकी है। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें दोनों स्टार्स साथ में दिखाई दिए थे। ऐसे में अब उनके फैंस भी इस मूवी का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं। अब खबर आ रही है कि 'जॉली एलएलबी 3' में एक एक्ट्रेस की भी एंट्री हो गई है और वो कोई और नहीं, बल्कि हुमा कुरैशी हैं। बता दें कि हुमा इसके दूसरे पार्ट का भी हिस्सा रह चुकी हैं और अब उन्होंने तीसरे पार्ट में अक्षय-अरशद को ज्वाइन कर लिया है।

> वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि अब ओरिजिनल कौन है और डुप्लीकेट कौन है, ये तो नहीं पता, लेकिन यह निश्चित रूप से एक अच्छी सवारी होने वाली है। हमारे साथ बने रहें...

### 'जॉली एलएलबी 3' मे 'पुष्पा मिश्रा'

हुमा कुरैशी ने साल 2017 में रिलीज हुए जॉली एलएलबी के दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार की पत्नी बनकर पुष्पा मिश्रा का किरदार निभाया था। अब एक रिपोर्ट के अनुसार, वह जॉली एलएलबी 3 के लिए बोर्ड पर आ गई हैं। वह इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान के अजमेर में करने वाली हैं। कुछ दिनों पहले अभिनेता ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें अक्षय और अरशद दोनों वकील की ड्रेस में दिखाई दिए। वीडियो में अरशद को कहते हुए सुना जा सकता है कि जगदीश त्यागी उर्फ जॉली बीए एलएलबी डुप्लिकेट से सावधान। वहीं, वीडियो में अक्षय को खुद को असली जॉली के रूप में पेश करते हैं और लास्ट में सौरभ शुक्ला की एक झलक देखे को मिली।

### • अर्जुन ने की एक्स-गर्लफ्रेंड मलाइका की तारीफ...

# एक्ट्रेस की परफॉर्मेंस पर बोले- मेरी बोलती सालों से बंद है, अभी भी चुप रहना बेहतर

अर्जुन कपूर अपकमिंग फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी के प्रमोशन में रियलिटी शो इंडियाज बेस्ट डांसर में पहुंचे। शो की जज मलाइका अरोड़ा ने अपने हिट गानों पर एक परफॉर्मेंस दी, जिसकी तारीफ में अर्जुन बोले- मेरी बोलती तो सालों पहले ही बंद हो चुकी है। शो के इस एपिसोड का एक प्रोमो सामने आया है। प्रोमो में देखा गया है कि मलाइका ने बाकी कंटेस्टेंट के साथ डांस किया। परफॉर्मेंस के बाद सभी ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। फिर अर्जुन से पूछा गया कि उन्हें यह सब कैसा लगा। जवाब में एक्टर ने कहा- मेरी बोलती बंद हो चुकी है सालों से। मैं अभी भी चुप ही रहना चाहता हूं। अर्जन ने कहा- लेकिन मैं इतना कहना चाहूंगा कि मेरे सारे फेवरेट गाने मुझे आज सुनने मिले हैं, जो मलाइका के करियर और लाइफ को दर्शाते हैं। यह फैक्ट है कि हम किसी ऐसे शख्स को ट्रिब्यूट दे रहे हैं जो अभी भी इतना कमाल कर रहा है। बधाई हो मलाइका। आप जानती हैं कि मुझे यह सभी गाने कितने पसंद हैं। आपको इस तरह से सेलिब्रेट करते हुए देखना अद्भुत है।

**मलाइका के साथ 8 साल रिश्ते में रहे, फिर हुआ ब्रेकअप:** फिल्म सिंघम अगेन के प्रमोशनल इवेंट में अर्जुन ने कंफर्म किया था कि वे मलाइका के साथ रिश्ते में नहीं हैं। इवेंट में अर्जुन से पब्लिक ने पूछा था कि मलाइका कैसी हैं तो अर्जुन ने जवाब दिया था कि मैं अभी सिंगल हूं, रिलैक्स करिए। मलाइका अरोड़ा ने पहली शादी 1998 में अरबाज खान से की थी। 2016 में दोनों अलग हो गए थे जिसके कुछ वक्त बाद ही मलाइका ने अर्जुन को डेट करना शुरू कर दिया था। 2019 में एक इंस्टा पोस्ट के जरिए दोनों ने अपना रिश्ता ऑफिशियली कन्फर्म किया था। हालांकि करीब 8 साल बाद दोनों ने ब्रेकअप कर लिया।



### • अक्षय-रितेश के साथ बनी तिकड़ी

# 'हाउसफुल 5' में कॉमिक टाइमिंग से गुदगुदाएंगे अभिषेक बच्चन



कुछ दिनों पहले साजिद नाडियाडवाला ने 'हाउसफुल 5' का ऐलान किया था। फिल्म में अक्षय कुमार और रितेश देशमुख का नाम पहले ही पक्का हो चुका है। अब इससे जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। फिल्म 'हाउसफुल 3' का हिस्सा रहे अभिनेता अभिषेक बच्चन 'हाउसफुल 5' में भी अपने अभिनय से दर्शकों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। अभिनेता ने 'हाउसफुल' की फ्रेंचाइजी में वापसी के बाद अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसका हिस्सा होने को घर वापसी जैसा बताया है। हाउसफुल 5 में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर मिलने पर अभिषेक बच्चन ने कहा, 'हाउसफुल मेरी पसंदीदा कॉमेडी फ्रेंचाइजी है, इसका हिस्सा बनना मेरे लिए घर वापसी जैसा है। साजिद के साथ काम करना मेरे लिए खुशी का विषय है।' अभिनेता ने कहा कि वह सेट पर अक्षय कुमार और रितेश देशमुख के साथ मस्ती करने के लिए तैयार हैं। अभिनेता ने आगे कहा, 'मैं अपने दोस्त तरुण मनसुखानी के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। 'दोस्ताना' के बाद अब मुझे उनके साथ काम करने का मौका मिला है। यह बहुत मजेदार होने वाला है।'

### अभिषेक की वापसी से खुश हैं साजिद

वहीं, निर्देशक साजिद नाडियाडवाला ने भी अभिषेक की वापसी पर खुशी जाहिर की है। साजिद ने कहा 'मैं अभिषेक की वापसी से रोमांचित हूं। उनका समर्पण, कॉमिक टाइमिंग और काम के प्रति ईमानदारी फिल्म को शानदार बनाएंगी।' पिछले साल जून में अभिनेता अक्षय कुमार ने 'हाउसफुल 5' की घोषणा की थी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा रितेश देशमुख भी शामिल हैं। फिल्म 6 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की पहली फिल्म होगी, जिसका पांचवा भाग आ रहा है। इसका पहला भाग साल 2010 में आया था, जिसमें अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, लारा दत्ता, जॉन अब्राहम, दीपिका पादुकोण और बोमन ईरानी थे।

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं की जांच करने में जुटी पुलिस

# कार ने बाइक सवार मां और बेटे को मारी टक्कर, मां ने तोड़ा दम

**छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर जिंदल अस्पताल के सामने हादसा प्रकरण दर्ज कर जांच की आरंभ**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित बायपास पर जिंदल अस्पताल के सामने अज्ञात कार ने बाइक सवार मां बेटे को टक्कर मार दी। हादसा गत 9 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे का है। हादसे में मां और बेटे को चोट आई थी और उनका भानपुर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर मां की मौत हो गई। जबकि बेटे के स्वास्थ्य में सुधार होने के कारण उसे पहले ही छुट्टी दे दी गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार लीलाबाई पति जगदीश (46) गंजबासौदा की रहने वाली थी। गत 9 फरवरी को वह अपने बेटे के साथ गंबासौदा से भोपाल आ रही थी। मां बेटे बाइक से बायपास होते हुए जिंदल अस्पताल के पास पहुंचे थे, तभी अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मां बेटे बाइक समेत सड़क पर गिर गए थे। इधर टक्कर मारने के बाद कार का चालक तेजी से कार लेकर फरार हो गया। मां बेटे को इलाज के लिए भानपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिर में चोट होने के कारण लीलाबाई की शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे मौत हो गई।




## स्पोर्ट्स बाइक डिवाइडर से टकराई नाबालिग की मौत

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित एयरपोर्ट रोड से लाल घाटी वाले ब्रिज पर गत रविवार रात तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में नाबालिग गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। करीब पांच दिन तक चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार, फरमान खान पिता इस्माइल खान (16) न्यू कबाड़खाना, एहले हदीस मस्जिद के पास का रहता था। वह आठवीं कक्षा तक पड़ाई करने के बाद पड़ाई छोड़ चुका था और पिता के कारोबार में हाथ में बंटाता था। गत रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ परवलिया स्थित रंगला पंजाब ढाबा गया था। वहां से लौटते समय फरमान यामाहा आर-1 बाइक पर अकेला था, जबकि उसके दो दोस्त दूसरी बाइक से साथ चल रहे थे। देर रात ब्रिज पर उसकी तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में जबड़ा टूट गया और सिर में गंभीर चोट आई थी। गंभीर रूप से घायल फरमान को उसके साथी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां जबड़े में फ्रैक्चर और सिर की हड्डी डैमेज होने की वजह से उसकी हालत नाजुक थी। करीब पांच दिन चले इलाज के बाद शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।

## स्कॉर्पियो पलटने से घायल युवक की मौत

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित टूबा कॉलेज के सामने गत रविवार तड़के स्कॉर्पियो पलटने से एक युवक की मौत हो गई थी, जबकि उसके आठ अन्य साथी घायल हुए थे। घायलों में तीन की हालत नाजुक थी। उनमें एक युवक की गुरुवार रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शेरयार खान (20) पीजीबीटी कालेज के पास गौतम नगर में रहता था। रविवार को वह अपने आठ अन्य दोस्तों के साथ शादी में शामिल होने लालघाटी पहुंचा था। रात में सभी दोस्त दूल्हे को लेकर तीन गाड़ियों में सवार होकर चाय पीने निकले थे। रात करीब साढ़े 3 बजे शेरयार खान की स्कापिर्यो जीप ट्रूबा कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में जीप में सवार फैजान खान की मौत हो गई थी, जबकि शेरयार समेत आठ लोग घायल हुए थे। शेरयार को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां गुरुवार की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।



## युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में शुक्रवार शाम एक युवक ने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मृतक का कमरा सील कर दिया है। आज पीएम के बाद कमरे की तलाशी ली जाएगी।

पुलिस के अनुसार वसीम खान पिता नन्हें खान (45) खानूगांव लालघाटी में रहता था। वसीम प्राइवेट काम करता था। परिजन ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब चार बजे वसीम ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ी तो उन्होंने वसीम को फंदे से नीचे उतारा था। शरीर गर्म था तो वह वसीम को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद वसीम को मृत घोषित कर दिया। अभी परिजन के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे।

## सूने मकानों में चोरों की सेंध

**भोपाल।** सूने मकानों के ताले तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवरात समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इसी प्रकार कई इलाकों से बदमाशों ने दोपहिया वाहन चोरी कर लिए। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा नगर करोंद निवासी रोहित जोशी मकान पर ताला लगाकर परिवार समेत शहर से बाहर चले गए थे। गुरुवार को वापस लौटे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर अलमारी में रखे हजारों रुपए कीमत के जेवरात गायब थे। इसी प्रकार छोला मंदिर थानांतर्गत शिवनगर फेस-2 में रहने वाले विजय कुमार के सूने मकान से चोर सोने-चांदी के जेवरात और मूर्ति समेत करीब 35 हजार का सामान चोरी कर ले गए। इधर टीटी नगर थानांतर्गत अर्जुन नगर से राजबब्बर चौहान, पिपलानी स्थित निजामुद्दीन कालोनी तिराहे से महेंद्र मुंडा, बागसेवनिया स्थित कलारी के सामने से सुनील गौर, मिसरोद स्थित रुचि लाईफ स्कैप कालोनी से रिक्षपाल सिंह बाइक और खजूरी सड़क थानांतर्गत भौंरी कालेज के सामने जयवर्धन यादव की स्कूटर चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात दोपहिया वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## फांसी लगाकर की खुदकुशी



**भोपाल।** कोलार इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला था, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि एक महीने पहले पत्नी की मौत हो गई थी, जबकि एक साल पहले वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुआ था। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार जीतू सूर्यवंशी (35) बंजारी कोलार में रहता था। गुरुवार की रात वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। रात करीब साढ़े 8 बजे मां उसे खाना देने के लिए पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। मां के शोर मचाने पर भाई और पड़ोसी उसे फंदे से उतारकर इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि पिछले साल ट्रेन की चपेट में आने के कारण जीतू बुरी तरह से घायल हो गया था। उसका एक हाथ और दूसरे हाथ की अंगुलियां कट गई थी। करीब एक महीने पहले पत्नी की भी मौत हो चुकी है। उसके बाद से दोनों बच्चों की देखभाल उसकी मां और भाई कर रहे थे। अनुमान है कि इसी कारण उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की होगी।

# मानव तस्करी करने वाट्सएप ग्रुप बनाकर देह व्यापार में बाहरी लड़कियों की सप्लाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अशोका गार्डन पुलिस द्वारा देह व्यापार के 26 दलालों की पहचान करते हुए 18 दलालों की गिरफ्तारी कर ली है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि वह वाट्सएप ग्रुप बनाकर देह व्यापार करा रहे थे। उन्होंने राजधानी के बाहर से भी लड़कियां बुलाकर देह व्यापार करने की बात स्वीकारी है।

आरोपियों के मोबाइल से हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की 250 से ज्यादा लड़कियों की फोटो मिली है। गिरोह के सरगना आशुतोष वाजपेयी और महक यादव, अभी न्यायायिक हिरासत में है। आरोपियों को पुलिस ने 26 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दोनों शाहपुरा इलाके में 17 अप्रैल 2024 को होटल के स्क्वायर में कॉल गर्ल की हत्या के मामले में भी जेल जा चुके हैं। दावा किया जा रहा है कि, भोपाल में देह व्यापार का सबसे बड़ा नेटवर्क महक और आशुतोष ही संचालित कर रहे हैं। मानव तस्करी के मामले में इन दोनों की गिरफ्तारी के बाद ही भोपाल में लड़कियों की सप्लाई करने वाले सबसे बड़े गिरोह का खुलासा हुआ। पुलिस ने निधि अग्रवाल, कोलार निवासी मकबूल अली और अर्जुन पटेल को कोर्ट में पेश कर 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने पूजा ठाकुर उर्फ डिंपी, कुल्दीप उर्फ कुणाल और नवेद खान को कोर्ट में पश कर रिमांड पर लिया था। अब पुलिस सभी 6 आरोपियों का आमना सामना कराएगी और नेटवर्क और सभी की भूमिका के संबंध में पूछताछ करेगी। पुलिस की अब तक की जांच में सभी आरोपियों द्वारा भोपाल और अन्य जिलों में लड़कियां सप्लाई करने की बात सामने आ चुकी है। मोटी रकम कमाने के लिए आरोपी नाबालिग लड़कियों को भी सप्लाई करने का काम करते थे।



**महिला समेत 3 आरोपी 18 तक रिमांड पर**

# राजधानी से यात्री का पर्स चोरी, दक्षिण एक्सप्रेस में जेब से साढ़े 18 हजार पार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और जेबकटी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी एक्सप्रेस में कल्याण रेलवे स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन का सफर कर रहे यात्री की जेब से अज्ञात चोर ने पर्स चुरा लिया। पर्स में 9 हजार रुपए की नगदी समेत दस्तावेज थे। इसी प्रकार दक्षिण एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री की जेब से अज्ञात बदमाश पैसों से भरी पन्नी चुरा ली। पन्नी में 18 हजार 700 रुपए की नगदी थी। जीआरपी भोपाल ने दोनों ही यात्रियों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। जीआरपी के अनुसार किशोर धाऊ मेहेर (48) थाना बदलापुर, जिला अंबरनाथ महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वे राजधानी एक्स के कोच बी/2 पर बर्थ नंबर-58 पर कल्याण रेलवे स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना हैंड बैग और उसके अंदर पर्स रखा था। पर्स में 9 हजार रुपए की नगदी थी। इसके अलावा एटीएम कार्ड सहित आधार कार्ड, पेनकार्ड और ड्रायविंग लायसेंस था। उन्होंने हैंड बैग सीट पर रखा था। भोपाल रेलवे स्टेशन पर गाड़ी पहुंची तो उनका बैग चोरी हो चुका था।



## अंबेडकर नगर एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल चोरी

रायचूर कर्नाटका निवासी निरंजन पाटिल, ने जीआरपी रानी कमला पति में शिकायत करते हुए बताया कि वे यशवतंपुर अंबेडकर नगर एक्सप्रेस से उज्जैन की यात्रा अपने दोस्तों के साथ कर रहे थे। यात्रा के दौरान मैने अपना मोबाइल चार्जिंग पाइंट पर लगा दिया और बर्थ पर सो गए। रानी कमला पति रेलवे स्टेशन से ट्रेन निकलने के बाद उन्होंने देखा तो चार्जिंग पाइंट पर लगा उनका मोबाइल नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 28 हजार रुपए है। वे उज्जैन महाकाल के दर्शन से लौटे जीआरपी रानी कमलापति पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

वृंदावन कॉलोनी, सांई नगर, अपरावती निवासी 37 साल के वैभव ने शिकायत करते हुए बताया कि वह पनवेल एक्सप्रेस के कोच इ/3 बर्थ नंबर 23 पर झांसी से भुसावल की यात्रा कर रहा था। इस दौरान उसका मोबाइल बैग के बाहरी जेब में रखा था। ट्रेन रानी कमलापति स्टेशन पहुंच रही थी। इससे 5 मिनट पूर्व उन्होंने मोबाइल चेक किया तो जेब में नहीं था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 18 हजार रुपए बताई गई।

## पैसों से भरी पन्नी चोरी

**भोपाल।** अशोका गार्डन निवासी जसमत सिंह यादव ने जीआरपी भोपाल में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह दक्षिण एक्स में पीछे की तरफ जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। उन्हें भोपाल से ललितपुर जाना था। वे प्लेटफार्म नंबर-2 पर पहुंचे और ट्रेन में पीछे के जनरल कोच में चड़ गए। इस दौरान भीड़ भाड़ थी। भीड़भाड़ में किसी ने उनकी जेब में रखी पन्नी चुरा ली। उन्होंने कोच में पता किया, लेकिन पैसों की पन्नी का कुछ पता नाहीं चला। पन्नी में 18 हजार 700 रुपए, एक डायरी थी।

**मेट्रो एंकर** देर रात तक वधु पक्ष बारात लाने करते रहे गुजारिश, भाजपा पदाधिकारी की नहीं पहुंची बारात

# दहेज में नहीं मिली थार तो दुल्हे को चढ़ा बुखार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दहेज में कार नहीं मिलने से नाराज दुल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। वह मंडप पर पहुंचने से पहले बुखार च?ने का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया। उसके बाप ने दावा किया कि बेटे की अचानक तबियत बिगड़ गई थी। इसलिए वह मंडप तक बारात नहीं ला सका। इधर, लड़की के पिता दर्द बताते-बताते रो पड़े। बोले कि दहेज लोभ दामाद-समधी ने बीमार होने का स्वांग रचा है।



जानकारी के मुताबिक, सेना में पदस्थ जवान की बेटी डायल-100 में पदस्थ निरीक्षक गोपाल सिंह चौहान के बेटे राहुल की के साथ सगाई हो चुकी है। 14 फरवरी को लालघाटी के स्वागत मैरिज गार्डन में शादी होनी तय हुई। लड़की पक्ष शादी की पूरी तैयारी कर मैरिज गार्डन में पहुंच गया था। शाम को गोपाल सिंह चौहान ने लड़की के पिता को बताया कि बारात राजगड़ से बारात निकल गई है। इसके थोड़ी देर बाद बताया कि लड़के की तबियत बिगड़ गई है। बारात नहीं आ रही है। लड़के को अस्पताल में एडमिट करा दिया हूं। इससे लड़की के पिता घबरा गए। थोड़ी देर बाद लड़की के पिता से कार की डिमांड की गई। जिसे देने से उन्होंने असमर्थता जाहिर कर दी। इससे लड़के के पिता ने बारात लाने से मना कर दिया।

लड़की के फुफेरे भाई ने बताया कि मई 2023 में दोनों की सगाई हुई थी। एक साल बाद शादी होना थी, लेकिन लड़के वाले शादी टालते रहे और आखिरकार 14 फरवरी के मुहूर्त पर शादी तय हुई। उसके अनुसार शादी के तीन महीने पहले से लड़के वालों ने दहेज की मांग शुरू कर दी थी। लड़का दहेज में कार की मांग कर रहा था। हमने मांग पूरी नहीं कि तो बहाने बनाने शुरू कर दिए।

## लड़का-लड़की दो साल तक रिश्ते में रहे

लड़के के पिता ने बताया कि दो साल तक लड़के-लड़के बात करते रहे। अचानक मेरे बेटे ने लड़की से बात करना बंद कर दिया। मैंने लड़की के पिता से कहा कि दोनों को एकसाथ बैठाकर बात करा देते हैं। लेकिन, उन्होंने बात लड़के-लड़की को साथ में नहीं बैठाया। इससे बात नहीं करने की वजह पता नहीं चली। लड़की पक्ष ने रिश्तेदारों को न्यौता दे दिया था। उनके सभी रिश्तेदार मैरिज हाल में पहुंच चुके थे।सभी बारात के आने का इंतजार कर रहे थे। जब रिश्तेदारों को पता चला कि बारात नहीं आ रही है, तो सब निराश हो गए। समाज के लोगों ने बात भी की लेकिन, बारात लाने को लड़का पक्ष तैयार नहीं हुआ। इस बारे में लड़की के पिता ने कहा कि पौने दो साल पहले सगाई हुई थी। बाद में दूल्हे ने कार की मांग की, हमने कार नहीं दी तो उन्होंने शादी से इनकार कर दिया।

वहीं इस बारे में गोपाल सिंह चौहान, लड़के के पिता का कहना है कि हमने दहेज की मांग नहीं की है। मेरे बेटे की तबीयत खराब हो गई थी। वह राजगढ़ अस्पताल में भर्ती है, जिसके चलते शादी नहीं हो सकी। मेरा बेटा भाजपा में नेता है। मुझे दहेज की कोई लालसा नहीं है। बड़े बेटे की शादी में भी मैं कोई दहेज नहीं लिया था। जबकि बड़ा बेटा पुलिस में है।

# छात्रा की फोटो से अश्लील कमेंट्स, ताऊ के बेटे पर केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

निशातपुरा पुलिस ने बीएएमस की छात्रा की शिकायत पर उसके सगे ताऊ के बेटे पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। छात्रा का आरोप है कि नरसिंहगड़ में रहने वाले उसके ताऊ के बेटे ने सोशल मीडिया पर उसके फोटो डालकर आपत्तिजनक स्टेटस डाला था। इधर छोला मंदिर इलाके में 25 साल के युवक द्वारा 40 साल की महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलत- जबलपुर निवासी 26 साल की युवती निशातपुरा इलाके में रहती है। वह एक कॉलेज से बीएएमएस की पड़ाई कर रही है। उसने पुलिस को बताया कि उसके ताऊ का बेटा नरसिंहगड़ में रहता है। उनके और ताऊ जी के परिवार में विवाद चल रहा है। विवाद के कारण ताऊ के बेटे ने सोशल मीडिया पर उसकी फोटो के साथ आपत्तिजनक स्टेटस डाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया।




**छोला मंदिर में मनचले ने की घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़**

## दो बार समझाया पर नहीं माना मनचला

इधर छोला मंदिर इलाके में रहने वाली 40 साल की महिला ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके घर के सामने एक मकान बन रहा है। मकान में काम चलने के कारण रात में यहां मकान मालिक का बेटा सुरेंद्र लोधी रुकता है। बुधवार रात सुरेंद्र लोधी उसके घर के गेट के पास आया और घर में घुसने का प्रयास करने लगा। शराब के नशे में होने के कारण परिजन ने उसे बाहर निकाल दिया। उसने दूसरी बार महिला के घर में घुसने का प्रयास किया और उसे दूसरी बार भी बाहर निकाल दिया। रात करीब साढ़े 11 बजे वह महिला के घर घुस गया और उसने अश्लील हरकत की। महिला के पति ने घटना की शिकायत डायल 100 को की थी। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया।

## 13 साल की छात्रा को 25 वर्षीय ने छेड़ा

**भोपाल।** अशोका गार्डन में रहने वाली सातवीं कक्षा की एक छात्रा को मनचला युवक पिछले 6 महीने से परेशान कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी सातवीं में पड़ती है। मोहल्ले में रहने वाला इरशाद अंसारी (25) पुताई का काम करता है। वह पिछले छह महीने से किशोरी का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। स्कूल आते-जाते समय पीछा कर अश्लील कमेंट्स करता था। पिछले दिनों इरशाद किशोरी के पीछे स्कूल तक पहुंच गया और उससे अनर्गल मांग करने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी, परिजन उसे लेकर थाने गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022